

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 09 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-338 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सड़क हादसे में नवनिर्वाचित सरपंच की मौत

अंबिकापुर,9 मार्च। लखनपुर क्षेत्र के गोरता पंचायत के सरपंच पंचराम की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना के दौरान सरपंच के साथ वहां में सवार तीन और लोगों को इस सड़क हादसे में गंभीर चोट आई है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक् सभी वाहन में सवार होकर उड़ीसा से वापस लौट रहे थेम इसी दौरान उनका वहां हादसे का शिकार हो गया। नवनिर्वाचित सरपंच के निशान से ग्राम के लोगों में शोक का माहौल है।

### दुर्ग-राजनंदगांव बाइपास पर एक-दूसरे से टकराईं पांच गाड़ियां

राजनांदगांव,9 मार्च। छत्तीसगढ़ के दुर्ग-राजनंदगांव बाइपास पर एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां पांच गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं. इस हादसे में एक सवारी बस भी शामिल थी, जिसमें 14 यात्री घायल हो गए. सभी घायलों को जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा तब हुआ जब लोहे से भरे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक मारी इसके बाद, देखते ही देखते 5 गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं. ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है. वहीं ट्रक चालक मौके से फरार है.

### प्रेमानंद महाराज की रात्रिकालीन पदयात्रा होली तक बंद

मथुरा,9 मार्च। प्रेमानंद महाराज भक्तों को दर्शन नहीं देंगे. उन्होंने अपनी पदयात्रा पर रोक लगा दी है. यह फैसला होली के पावन पर्व और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. इस संबंध में प्रेमानंद महाराज ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर जानकारी दिया है. दरअसल, प्रेमानंद महाराज ने 10 से 14 मार्च तक अपने पदयात्रा पर रोक लगा दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम लिखा- 'आप सभी प्रियजनों को सूचित किया जाता है कि होली के पावन पर्व के चलते और पूज्य महाराज जी के स्वास्थ्य की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए दिनांक 10 मार्च से 14 मार्च 2025, रात 2 बजे से पूज्य महाराज जी की पदयात्रा नहीं निकलेगी. आप सभी प्रियजनों से प्रार्थना है कि अगर आप दर्शन के लिए आ रहे हैं तो इन दिनों में दर्शन के लिए ना आएं'. 10 मार्च को रंग भरनी एकादशी है और ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए ब्रज में होली खेलने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु वृंदावन आते हैं. बता दें कि प्रतिदिन प्रेमानंद महाराज की रात्रि 2 बजे पदयात्रा निकलती है और उनके दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर खड़े रहते हैं.

### अग्निवीर योजना में जल्द बड़े बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली,9 मार्च। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अग्निवीर योजना में कुछ जरूरी बदलाव के संकेत दिए हैं। अग्निवीर योजना की सफलता और उसमें हो रहे सुधारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि फीडबैक के अनुसार यह योजना एक मजबूत मॉडल बन रही है। अब इसमें कुछ सुधार किए जाने पर विचार किया जा रहा है। जिससे अग्निवीरों की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि इस योजना को लेकर अलग-अलग राय हो सकती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर मिल रहे फीडबैक से यह स्पष्ट है कि यह सफल हो रही है। उम्र सीमा बढ़ाने और स्थायी भर्ती के सवालों पर उन्होंने कहा कि योजना का आकलन 2026 तक किया जाएगा, तब कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। अग्निवीर योजना सेना के लिए एक बेहतरीन पहल है।

# राजधानी में धर्मांतरण को लेकर भारी बवाल

## बजरंग दल ने किया जमकर विरोध, मोटर साइकिलों, कारों व घर में तोड़फोड़,बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

**रायपुर,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी में धर्मांतरण के आरोप में टाटीबंध में बवाल हुआ है। बजरंग दल का आरोप है कि एक घर में करीब 200 से ज्यादा लोग इकट्ठे थे। जिनका धर्मांतरण कराया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विरोध जताया। आमानाका पुलिस को हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर विवाद को शांत करवाया गया।

बताया जाता है कि चर्चनुमा इस मकान में महीनों से ईसाई धर्म से संबंधित गतिविधियां चल रही थी। खास तौर पर रविवार को रायपुर के अलावा अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां आते रहे हैं।

यह पूरा मामला आमानाका थाना इलाके के टाटीबंध स्थित अनुकम्पा नगर का है। इस मामले में बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी ने बताया कि आसपास के गांव वालों ने हमें धर्मांतरण की शिकायत दी। उनके परिवार के कई सदस्यों का धर्मांतरण करवाया गया है। जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचे। टाटीबंध के पास एक घर के भीतर करीब 200 से ज्यादा लोग मौजूद थे। आगे उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने घर को घेर लिया। भीतर में धर्मांतरण चल रहा था। हंगामा के दौरान घर के भीतर जमकर तोड़फोड़ भी हुई है। इस हंगामें की सूचना मिलते ही मौके पर आमानाका पुलिस समेत भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस ने बीच बचाव कर हंगामा को शांत कराया। हंगामा के दौरान घर के भीतर जमकर तोड़फोड़ भी हुई है। मकान के बाहर खड़ी मोटर सायकलों व कारों में तथा मकान के अंदर कुर्सियों में तोड़फोड़ की गई है। बताया यह भी जाता है कि इस चर्चनुमा मकान के बाजू में पादरी का निवास है। मकान के सामने खाली स्थान पर हिन्दू संगठनों ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया हुआ है। पिछले कुछ दिनों से पादरी यह धमकी दे रहा था कि मैं मांसाहारी हूं, मांस खाकर हड्डियां मंदिर वाली जमीन पर फेकूंगा,तुम लोगों को जो करना है कर लो। इस बात को लेकर भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में गुस्सा था। इस मामले में बजरंग दल की मांग है कि धर्मांतरण करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन किया जाएं। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की जांच कर रही हैं। ज्ञात हो कि राजधानी के कई इलाकों में ईसाई संगठनों की धर्मसभा होने व धर्मांतरण होने की शिकायतें मिलती रही है।



# गौशाला में भूख से 19 गायों की मौत: विहिप

## केयरटेकर को 2 महीने से नहीं मिला वेतन तो नहीं खिलाया चारा

**गरियाबंद,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कोपरा गौशाला में 19 गायों की मौत हो गई. मृत गायों को पैरी नदी के किनारे एक-एक करके फेंका जा रहा था. बदबू फैलने के बाद प्रशासन तक इसकी शिकायत पहुंची. राजिम एसडीएम विशाल महाराणा टीम के साथ जांच करने पहुंचे. टीम ने पाया कि मौजूद 150 गायें भी चारे के अभाव में भूखी हैं. अफसरों ने संचालक मनोज साहू को फटकार लगाया है, साथ ही गौशाला के निरीक्षण के जिम्मेदार पशु चिकित्सक को नोटिस थमाया जा रहा है. जांच में यह भी पाया गया कि चरवाहे और केयरटेकर को दो माह से वेतन नहीं दिया गया है, जिसके चलते गौवंश की देखभाल नहीं हुई. मामले के बाद अब जिला प्रशासन ने गौशाला संचालन की जवाबदारी दूसरी संस्था को देने की तैयारी कर ली है. वीएचपी का आरोप है कि गायों की मौत उन्हें चारा न मिलने से हुई है. पिछले दो महीने से बिना चारा-पानी के तड़प रही गायों की हकीकत तब सामने आई, जब विहिप कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर गायों की लाश फेंके जाने की घटना को संज्ञान में लिया और इसकी तहकीकात करते हुए गौवंशों से साथ हो रही दुराचार को उजागर किया. घटना को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया, जिसके बाद देर रात मौके पर पहुंचे प्रशासन ने जब गौशाला का निरीक्षण किया, तो 19 गायें मर चुकी थीं, जबकि 150 मवेशी भूख से कमजोर होकर जमीन पर पड़े थे. जैसे ही चारा डाला गया, गायें टूट पड़ीं, कुछ तो खड़े होने लायक भी नहीं थीं. मंजर देखकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों के रोंगटे खड़े हो गए. जांच में पता चला कि चरवाहों को दो महीने से वेतन नहीं मिला, इसलिए वे काम छोड़कर चले गए. गौशाला का संचालन करने वाली संस्था की लापरवाही उजागर होने पर संचालक मनोज साहू को तलब किया गया है और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी चल रही है. मोहित साहू जिला संयोजक बजरंग दल, डिगेश्वर वर्मा विभाग मंत्री विहिप ने कहा कि गौशाल में पर्याप्त चारे की व्यवस्था नहीं थी. एक माह के भीतर 45 से ज्यादा गौवंश की मृत्यु हुई है. लापरवाही ऐसी की मृत के बाद विधिवत अंतिम संस्कार भी नहीं किया गया. लापरवाह संचालक व अन्य जिम्मेदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई की जाए. गौशाला संचालक के लिए नगर पंचायत के सुपुर्द किया जाए. इधर पैरी नदी किनारे 19 सड़ी-गली लाशें मिलीं, जिन्हें गुपचुप तरीके से ठिकाने लगाया जा रहा था. विहिप ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. प्रशासन ने फिलहाल गौशाला का संचालन दूसरी संस्था को सौंपने का फैसला किया है. गरियाबंद कलेक्टर ने घटना के बाद सीएमओ, संस्था प्रमुख और स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं. एसडीएम विशाल महाराणा ने इस पूरे मामले को लेकर संस्था प्रमुख को दस्तावेजों के साथ संचालक को तलब किया है.



### पेड़ से टकराई कार में लगी आग,एक की मौत

भिलाई,9 मार्च। छत्तीसगढ़ के भिलाई जिले में रामपायली थाना क्षेत्र के ग्राम पूनी के पास एक कार पेड़ से टकरा गई. हादसे के बाद कार में आग लग गई. इसकी चपेट में आकर कार सवार एक युवक की जलकर मौत हो गई. उसके चार साथी झुलस गए. सभी को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल बालाघाट उपचार के लिए लाया गया. एक की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया. उपचार के लिए उसे परिजन गोंदिया ले गए. जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 8408 से भिलाई दुर्ग निवासी पांच लोग कटंगी में शादी में शामिल होने गुरुवार को आए थे. कार चला रहा युवक सत्या पटेल का ननिहाल ग्राम पूनी है. वह साथियों को लेकर गुरुवार की देर रात ग्राम पूनी आ रहा था.

### सुकमा और बीजापुर में ईओडब्लू-एसीबी की जांच जारी

# डीएफओ, सहायक आयुक्त और 2 शिक्षकों के घर छापा

**जगदलपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों में एसीबी और ईओडब्लू की टीमों ने छापेमारी की है। सुकमा में डीएफओ अशोक पटेल के अलावा छिंदगढ़ और कोंटा के 2 शिक्षकों के घरों में भी कार्रवाई चल रही है। बीजापुर के सहायक आयुक्त आनंदजी सिंह के जगदलपुर स्थित मकान में भी टीम ने दबिश दी है। इन ठिकानों पर रायपुर से आई एसीबी और ईओडब्लू की टीम जांच कर रही है।

सुकमा के डीएफओ अशोक पटेल के घर पर तड़के एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान दस्तावेजों की जांच की जा रही है। छिंदगढ़ और कोंटा के दो शिक्षकों के घरों में भी जांच जारी है। एक शिक्षक कांग्रेस सरकार के दौरान डीएमसी भी रह चुके हैं। बीजापुर के सहायक आयुक्त आनंदजी सिंह के घर में भी छापेमारी की गई है। आनंदजी सिंह पहले दंतेवाड़ा में सहायक आयुक्त के पद पर कार्य कर चुके हैं और वर्तमान में बीजापुर में पोस्टेड हैं। कुछ दिन पहले रायपुर और जगदलपुर में आयकर विभाग ने 10 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिनमें बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, रामा स्टील और रामा उद्योग ग्रुप शामिल थे। इन पर टैक्स चोरी का आरोप है। आयकर विभाग की टीम ने श्याम सोमानी के जगदलपुर स्थित निवास और दफ्तर में दबिश दी थी। श्याम सोमानी बस्तर में बीएमएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक हैं और इमली, महुआ जैसे वनोपज के बड़े व्यापारी भी हैं।



**केशकाल,9 मार्च। जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन को अचानक स्थगित करने के विरोध में पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में आज चक्काजाम किया गया।**

### पाकिस्तान में गोली मारकर प्रमुख धर्मगुरु की हत्या

लाहौर,9 मार्च। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में प्रमुख धर्मगुरु मुफ्ती शाह मीर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई खबर में कहा गया कि मीर को शुक्रवार को केच के तुरबत शहर में तब निशाना बनाया गया जब वह रात की नमाज के बाद एक मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। अखबार ने पुलिस के हवाले से कहा, मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने मुफ्ती शाह मीर पर गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत तुरबत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मुफ्ती शाह मीर जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-एफ (जेयूआई-एफ) के करीबी थे।

### नक्सलियों की प्रिंटिंग मशीन समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

सुकमा,9 मार्च। सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के प्रिंटिंगप्रेस ठिकानें पर दिया गया दबिश। नवीन कैम्प गोमगुड़ा अंतर्गत जलेरगुड़ा के जंगल में नक्सलियों के प्रिंटर, इन्वर्टर मशीन सहित अन्य सामाग्री को सुरक्षा बलों ने किया बरामद। माओवादियों द्वारा सुरक्षाबल के जवानों को क्षति पहुंचाने की नीयत से ठिकाने के आसपास कई जगह लगाए थे स्पाईक। नवीन कैम्प गोमगुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जलेरगुड़ा के जंगल क्षेत्र मे नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर जिला पुलिस बल कोबरा,सीआरपीएफ की टीम नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु हुई थी रवाना। जिला पुलिस बल ,203 वाहिनी कोबरा, 241वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई।

### कैलिफोर्निया के हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़

#### दिवारों में लिखे 'हिंदू वापस जाओं' और एंटी इंडिया के भड़काऊ नारे,

कैलिफोर्निया,9 मार्च। अमेरिका के कैलिफोर्निया में चिनो हिल्स स्थित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (BAPS) मंदिर को अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की है. असामाजिक तत्वों ने मंदिर की दिवारों पर 'हिंदू वापस जाओ' और अन्य 'एंटी-इंडिया' भड़काऊ नारे लिखकर सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश की है. इस घटना से हिंदू समाज में नाराजगी व्यक्त करते हुए चिंता जाहिर कर कार्रवाई की मांग की है. घटना को लेकर प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है. अमेरिका के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में स्थित BAPS श्री स्वामीनारायण मंदिर पर तोड़फोड़ की घटना सामने आई है. रविवार (9 मार्च) को अज्ञात लोगों ने मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया और मंदिर की दिवारों में भड़काऊ संदेश लिखकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की मंदिर पर हुए इस हमले का भारत सरकार ने भी खुलकर विरोध किया है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस 'घृणित कृत्य' की कड़े शब्दों में निंदा की है. विदेश मंत्रालय ने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है.

# छत्तीसगढ़ में उद्यमिता आयोग का होगा गठन : मुख्यमंत्री

## विकसित भारत और छत्तीसगढ़ के लिए अपनाएं स्वदेशी

**रायपुर,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में उद्यमिता आयोग के गठन की घोषणा की है। यह आयोग राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति को मजबूत करेगा और रोजगार सृजन की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इसके तहत युवाओं के कौशल विकास और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने यह घोषणा आज राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए की। इस अवसर पर उन्होंने मंच की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित पुस्तक स्वदेशी की विकास यात्रा का विमोचन भी किया।

**स्वदेशी अपनाना विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ÷विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत @2047 के निर्माण के लिए हमें स्वदेशी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत करता रहा है। साय ने कहा कि भारत एक विशाल और संपन्न देश है। यहाँ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, और साथ ही हमारे पास विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है। यह हमें न केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार प्रदान करता है, बल्कि नवाचार और औद्योगिकीकरण के लिए भी असीम संभावनाएँ खोलता है। वैश्विक परिदृश्य में आ रहे बदलावों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में आ रहे परिवर्तनों को देखते हुए स्वदेशी जागरण मंच जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया अभियान ने भारत में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों को संरक्षण और समर्थन प्रदान किया। आज भारत लगभग हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। हमने अपने उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया, उन्हें आवश्यक सुविधाएँ दीं और इसका परिणाम यह हुआ कि हम अब न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूती से उभर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए स्वदेशी जागरण मंच की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई नीतियों और सुरक्षा बलों के प्रभावी प्रयासों के कारण नक्सलवाद अब बहुत सीमित क्षेत्र में सिमट गया है। अब समय आ गया है कि स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से इन क्षेत्रों में उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएँ, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले और वे नक्सलवाद की ओर न जाने पाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को प्रदेश की प्राकृतिक संपदा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इस नीति में रोजगार सृजन को सर्वोच्च




प्राथमिकता दी गई है। सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है ताकि उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाया जा सके। स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएँ भी चलाई जा रही हैं।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमियों को उद्यमिता प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को सरकार हर संभव सहायता देगी। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम, अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, देश के प्रतिष्ठित उद्यमी, प्रोफेसर, कुलपति, आर्थिक विशेषज्ञ और स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अब न केवल एक औद्योगिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत कर रहा है।

# अकबर हो या औरंगजेब, सबकी मानसिकता एक: योगी

लखनऊ,9 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी क्षेत्र में एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा का अनावरण करते हुए सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पित होना कैसा होता है, यह महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व से सीखना चाहिए। महाराणा प्रताप, जो मेवाड़ राज्य के शासक थे, मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व करने के लिए जाने जाते हैं। मुगल शासक औरंगजेब को लेकर छिड़ी देशव्यापी बहस के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं ईरान तक पहुंच चुकी थीं, महाराणा सांगा के बाद एक समय ऐसा आया जब महाराणा प्रताप को राजगद्दी मिली। उन्हें चित्तौड़गढ़ छोड़ना पड़ा, लेकिन पहला युद्ध उन्हें महज 28 साल की उम्र में लड़ना पड़ा। महाराणा प्रताप ने दूसरा युद्ध 36 साल की उम्र में लड़ा। वे हल्दीघाटी में लगातार युद्ध लड़ते रहे, अकबर की लाखों की सेना को मारते-काटते रहे। यूपी सीएम ने कहा, नायक अकबर नहीं महाराणा हैं, उन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर किया और घुट-घुट कर मरने पर मजबूर किया। सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश करने वाले भारत के नायक नहीं हो सकते।÷ उन्होंने कहा, अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। मुख्यमंत्री ने कहा,÷हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज हैं, ना कि अकबर या औरंगजेब। मुख्यमंत्री ने कहा कि ÷अकबर कभी नायक नहीं हो सकता। इन्होंने भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचे। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की।÷ योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह का भी बार-बार उल्लेख किया और कहा कि ÷ये राष्ट्रनायक हमारी प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री ने राणा सांगा की वीरता का भी जिक्र किया। योगी ने जनसभा स्थल से ही गौतमबुद्ध नगर के लिए 1,467 करोड़ रुपये की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# महिलाओं से भरी बस टैंकर से टकराई, 14 घायल

**दुर्ग,9 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग जिले में शनिवार शाम एक सड़क हादसे में 14 महिलाएं घायल हो गईं। यह हादसा मोहन नगर थाना क्षेत्र में हुआ, जब एक बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकरा गई। इस बस में 34-35 महिलाएं सवार थीं, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम से लौट रही थीं। यह घटना बायपास रोड पर झरोखा पैलेस के पास हुई। सभी घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में महिला बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दुर्ग जिले की महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं और वापसी के दौरान यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। बस ड्राइवर को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से बस को क्रेन से हटाया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, सभी 14 महिलाएं खतरे से बाहर हैं और किसी को गंभीर चोटें नहीं आई हैं। प्रशासन और चिकित्सा विभाग लगातार घायलों की हालत की निगरानी कर रहे हैं।

**ये लोग हुई घायल**-सरोज चौहान (60 साल), नगपुरा
माना महतो (56 साल), नगपुरा
रोशनी देशमुख (25 साल), बेलौदी
रौनक देशमुख (5 साल), बेलौदी
योगेश्वरी विश्वकर्मा (37 साल), ढाबा अंजोरा
पदमा साहू (47 साल), ढाबा अंजोरा
पूर्णिमा देशमुख (37 साल), समोदा नगपुरा
बहरिन बाई देशमुख, नगपुरा
चंद्रिका साहू (36 साल), नगपुरा
शानु वर्मा (55 साल), अंजोरा ढाबा
कुसुम ठाकुर (30 साल), बेलौदी
रवि चंद्राकर (32 साल), शंकर नगर दुर्ग
शशिकला सिंह (43 साल), नगपुरा
दानेश्वरी पारकर (15 साल), बेलौदी

# छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल और पार्षदों ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 9 मार्च।** नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर पंचायत छुरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेन्द्र यादव प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा एवं नगर पंचायत चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी, रविन्द्र वैष्णव, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, सौरभ कोठारी, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एम.डी. ठाकुर, जगजीत सिंह भाटिया, गीता घांसी साहू, अशोक चौधरी, कैलाश शर्मा, हिरेन्द्र साहू, एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य बीरम बाई की उपस्थिति में शपथ ली। नगर पंचायत द्वारा नये बस स्टैण्ड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में डोंगरगांव अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षदों को पद एवं गोपीनयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षदों को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए कहा कि छुरिया की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए भरपूर आशीर्वाद दिया है और उनके आशीर्वाद को फ्लीभूत करने विकास के काम होंगे। उन्होंने

### दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव कार्यक्रम में हुए शामिल



कहा कि जनता की इच्छा और आकांक्षा के मुताबिक नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाकर संवारना है। विकास कार्य को आगे बढ़ाने में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भरपूर सहयोग करेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने शपथ ग्रहण के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि मुझ पर छुरिया नगर की जनता ने विश्वास जताया है, मैं हृदय से उनका आभारी हूं। उसके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जो विश्वास किया उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। नगर के विकास में पांच साल पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ नगर की जनता की सेवा करने तत्पर एवं अग्रसर रहूंगा। नगर के विकास के कार्यों में गुणवत्ता के साथ विकास की ओर ले जाना मेरा सतत प्रयास रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा मण्डल के अध्यक्ष कान्ता साहू, गैन्दाटोला मण्डल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, विजय पटेल, शेखर भरद्वाज, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, मोनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, विक्रांत श्रीवास्तव, राजेश्वर धुर्वे, अशोक मरकाम, बोनी पटेल, सीमा सिन्हा, संगीता यादव, एवं तहसीलदार विजय कोठारी, नायब तहसीलदार विजय साहू, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

**शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के पार्षद नहीं पहुंचे:** नगर पंचायत द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह से कांग्रेस पार्षदों के साथ निर्दलीय पार्षद ने दूरी बनाए रखी और शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंचे, जो नगर में चर्चा का विषय रहा।

## समाचार संक्षेप

# शपथ लेते ही महापौर यादव पहुंचे मोहारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- आयुक्त एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ जल संयंत्र गृह व शिवनाथ नदी का किया निरीक्षण
- सिल्ट निकालने चैन माउंटेन गाडी की संख्या बढ़ाने तथा पुराने एनीकट के गेट पूरा बंद करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 8 मार्च।** नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव आज मोहारा शिवनाथ नदी एवं जल संयंत्र गृह का आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर एनीकट के पास सिल्ट निकालने चैन माऊंटेन गाडी की संख्या बढ़ाने तथा पुराने एनीकट के पुरे गेट को बंद करने के निर्देश दिए।

शिवनाथ नदी में जल संग्रहण में कमी आने पर पेयजल सप्लाई में आ रही कठिनाई को देख नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदो के शपथ ग्रहण के उपरांत महापौर मधुसूदन यादव मोहारा पहुंचे। उन्होने जल संयंत्र गृह का निरीक्षण कर व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और कहा कि, 17 एमएलडी के पास के सिल्ट को हटाने अलग चैन माऊंटेन लगाये तथा इंटकवेल का इस्टेनर को तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर नीचे करने कहा ताकि जल स्तर कम होने पर रॉ-वाटर लेने में सुविधा हो। उन्होने पुराने एनीकट के सभी गेट तत्काल बंद करने कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, बरसात के दिनों में नये एनीकट का सभी गेट नही खोलते जिससे एनीकट के पास सिल्ट जमा हो जाता है, इसके लिए पूर्व से ही सिंचाई विभाग को पत्र प्रेषित करें। उन्होने नदी में जल संग्रहण बढ़ाने सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा ताकि जल्द से जल्द नागरिकों को दोनो समय पेयजल सप्लाई की जा सके।

आयुक्त विश्वकर्मा ने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि, जल्द चैन माऊंटेन की संख्या बढ़ावे जिससे स्टेनर के पास का सिल्ट हटाया जा सके। पुराना एनीकट के सभी गेट खोलने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने कार्यपालन अभियंता रामटेके से कहा। उन्होने कहा कि, मोंगरा जलाशय से छोडा गया पानी नदी में पहुंचने वाला है। इसके पूर्व एनीकट का गेट बंद करें। वर्तमान में पेयजल संकट को ध्यान में रखकर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य करावे तथा सभी अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन निर्धारित समय तक कार्य करना सुनिश्चित करेंगें।

महापौर यादव ने मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर वार्ड वालों की मांग पर एनीकट के पास का सिल्ट हटाने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होने नागरिकों से भी अपील की है कि, इस संकट की घडी में सहयोग करें और आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करे। अतिशीघ्र दोनो समय पूर्व की भांति पानी सप्लाई की जावेगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय रजक, आलोक श्रोती व चन्द्रकृत साहू सहित प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उपअभिंता अनुप पाण्डे, अमृत मिशन के अधिकारी नितिन पाटिल व अब्राहम भाई आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्राम पंचायत नांदिया खुर्द में संजय सिन्हा निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित



**छुरिया, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छूरिया ब्लाक के ग्राम पंचायत नांदियाखुर्द मे पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें संजय सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए संजय सिन्हा के समर्थन में आये 10 पंचों को देखकर दूसरे पक्ष ने नामांकन दाखिल नहीं किया और संजय सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए ग्राम पंचायत नादिया खुर्द में कूल 13 वार्ड पंच है जिसमें 8 नांदिया खुर्द से और पांच आश्रित ग्राम बखरू टोला से हैं इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच अनुसूया आंचले और ग्राम प्रमुख दया सिन्हा छोटेलाल सिन्हा ग्राम पटेल गणेश लाल सुरसावनत विनोद मंडावी रेमन लाल पोर्ते आनिता कुंजाम बाबूलाल साहू पदम साहू अवध ठाकुर मोहन सिन्हा डाक्टर गणेश नाग आनिल सुरसावनत बलि अरकर रोजगार सहायक लोकेश सिन्हा जिसमें प्रमुख रूप से मार्गदर्शक रहे मोनू गुप्ता सहित सभी पंच उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विस अध्यक्ष ने महिला पुलिस थाना का किया लोकार्पण



**राजनांदगांव, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिला पुलिस थाना में पहला रोजनामचा लिखा। उन्होंने थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा एवं पूरे स्टॉफको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों को सशक्त नारी सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा ने बताया कि महिला पुलिस थाना में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, पति-पत्नी से जुड़े, दहेज प्रताडऩा, मानसिक प्रताडऩा, घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडऩा पर महिला थाना में एफआईआर कर सकेंगी। दो प्रधान आरक्षक एवं तीन महिला आरक्षक है। महिलाओं की काउंसलिंग के लिए 12 महिला काउंसलर है। इस अवसर पर भावेश बैद, राजेश श्यामकर, काउंसलर शारदा तिवारी, एकता अग्रहरि सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ नपानि के नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

# हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प लें और शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में अपना योगदान दें : डॉ. रमन सिंह

- कलेक्टर ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 19 महिला पार्षदों को पहले दिलाई गई शपथ
- एक-एक गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, सफाई, अन्य सुविधाएं तथा अपने वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए करेंगे कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 9 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर एवं 51 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समारोह में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 19 महिला पार्षदों को पहले शपथ दिलाई। इसके पश्चात अन्य 32 वार्डों के पार्षदों को शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि जिनका चयन जनता ने नगरीय निकाय के लिए किया है, आज जनता की पसंद, सहयोग, समर्थन एवं आशीर्वाद से 51 पार्षद आज यहां निर्वाचित होकर शपथ लिए हैं। उनमें कार्य करने के लिए एक जोश और जज्बा है, जो आगामी पांच वर्षों में शहर के एक-एक गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, साफ-सफाई, अन्य सुविधाएं तथा अपने वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करेंगे। महापौर एवं सभी पार्षदों के नेतृत्व में राजनांदगांव स्वच्छ शहर बनेगा। महापौर मधुसूदन यादव को सभी का सहयोग एवं आर्शीवाद मिला है। उन्होंने सभी 51 वार्ड के पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में राजनीति में प्रवेश करने के लिए पार्षद पहली सीढ़ी है। पार्षद के पद से आप सभी मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री तक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सफर का प्रारंभ पार्षद पद से किया है। उन्होंने कहा कि पार्षद पद का एक बड़ा दायित्व है और नगरीय निकायों के विकास एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी आप सभी पर है तथा एक नये जीवन की शुरूआत है। हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प ले और शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें चुना है, हम उस पर खरे उतरेंगे। जब हम सभी का कार्यकाल समाप्ति की ओर होंगे तब आप एक बदला हुआ राजनांदगांव शहर देखेंगे। जनता की हमसे जो अपेक्षाएं एवं विश्वास है, उसे हम जिम्मेदारी और सक्रियता से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से शहर तथा नगरीय निकायों के विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय एवं सभी के सहयोग से बेहतर राजनांदगांव की परिकल्पना को आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, सांसद महासमुंद रूपकुमार चौधरी, विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, भरत वर्मा, विक्रांत सिंह, संतोष अग्रवाल, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, सुरेश एच लाल, राधेश्याम गुप्ता, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नरेश डाकलिया, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के सभी 51 वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### समारोह में 51 पार्षदों ने ली शपथ

समारोह में बजरंगपुर वार्ड क्रमांक 1 से राजा तिवारी, महात्मा बुद्ध वार्ड क्रमांक 2 से सावन कुमार वर्मा, मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 से कमलेश कुमार बंधे, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड क्रमांक 4 से बैना बाई टुरहाटे (बहनजी), चिखली वार्ड क्रमांक 5 से श्रुति लोकेश जैन, शासकीय मुद्राणालय वार्ड क्रमांक 6 से कन्हैया (सुनील) साहू, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 7 से सुश्री तृप्ति (मन्टू), रामनगर वार्ड क्रमांक 8 से मनोहर यादव, शंकरपुर वार्ड क्रमांक 9 से अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 से शिव वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 11 से छोटेलाल रामटेके, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 12 से संदीप बघेल, गौरीनगर वार्ड क्रमांक 13 से हफीज खान, बलराम दास वार्ड क्रमांक 14 से सतीश मसीह, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र वार्ड क्रमांक 15 से प्रमोद कुमार झंझाडे, ठाकुर प्यारे लाल वार्ड क्रमांक 16 से टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, तुलसीपुर वार्ड क्रमांक 17 से संतोष पिल्ले, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 18 से संगीता देवांगन, वर्धमान नगर वार्ड क्रमांक 19 से रेखा पारख, रविदास वार्ड क्रमांक 20 से कुलेश्वर ध्रुव, मेडिकल वार्ड क्रमांक 21 से बीना मुकेश ध्रुव, रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 से प्रियंका पंकज कुरंजेकर, स्टेडियम वार्ड क्रमांक 23 से राजा माखीजा, गुरूगोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 24 से शैंकी बग्गा, शीतला माता वार्ड क्रमांक 25 से वर्षा शरद सिन्हा, सुर्यमुखी वार्ड क्रमांक 26 से झमित नदान सेन, सुभाष वार्ड क्रमांक 27 से राजेश जैन (तनू), तिलक वार्ड क्रमांक 28 से शरद कुशवाहा, विवेकानंद वार्ड क्रमांक 29 से न्यामत हुसैन हुददा, कैलाश वार्ड क्रमांक 30 से चन्द्रशेखर लश्करे, जनता कालोनी वार्ड क्रमांक 31 से रीना ओम सिन्हा, संजय वार्ड लखोली वार्ड क्रमांक 32 से गिरजा निर्मलकर, बैगापारा वार्ड क्रमांक 33 से संतोष कुमार साहू, कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 से मोहनी बाई सतनामी, लखोली वार्ड क्रमांक 35 से डीलेश्वर प्रसाद साहू, सेठी नगर वार्ड क्रमांक 36 से चन्द्रिका साहू, महावीर वार्ड क्रमांक 37 से जैनम बैद, दिग्विजय वार्ड क्रमांक 38 से सुश्री मणी भास्कर गुप्ता, हिरामोती वार्ड क्रमांक 39 से रवि सिन्हा, गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 40 से केवरा विजय राय, झुलेलाल वार्ड क्रमांक 41 से सतीश कुमार साहू, राजीव वार्ड क्रमांक 42 से अमृता मोहन सिन्हा, सर्किट हाऊस वार्ड क्रमांक 43 से खेमिन बाई यादव, कौरिनभाठा वार्ड क्रमांक 44 से सेवक राम उइके, रामकृष्ण वार्ड क्रमांक 45 से डुरेन्द्र साहू, बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 से हेमन्त शेखर यादव, मोहारा वार्ड क्रमांक 47 से आलोक श्रोती, नंदई वार्ड क्रमांक 48 से अरूण साहू, मोहड़ वार्ड क्रमांक 49 से संजय कुमार रजक, रानी जोतकुंवर बाई सिंगदई वार्ड क्रमांक 50 से मुकेश कुमार साहू तथा शिवनाथ हल्दी वार्ड क्रमांक 51 से चन्द्रकृत साहू ने पार्षद पद की शपथ ली।

# ग्राम पंचायत खुज्जी और दर्री में उपसरपंचों ने संभाला पदभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 9 मार्च।** ग्राम पंचायतों में उपसरपंच चुनाव एवं नवनिर्वाचित सरपंचों के कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी हुई। निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ, जहां सरपंचों ने अपने पदभार ग्रहण किए और उपसरपंच चुनाव का परिणाम भी घोषित हुआ।




### ग्राम पंचायत खुज्जी में सत्ता परिवर्तन

ग्राम पंचायत खुज्जी में अजय पंसारी ने सरपंच पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने पूर्व सरपंच सोनाली पंसारी से 08 मार्च को अधिकारियों व पंचों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। चुनाव प्रक्रिया में उपसरपंच पद के लिए चंद्रकांत यादव और लता सांखला ने नामांकन भरा था जिसमें बड़े बहुमत से 21 में से 18 मत प्राप्त कर नवनिर्वाचित उपसरपंच चंद्रकांत यादव चुने गए, लता सांखला को 3 मत ही प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान विजयी सरपंच अजय पंसारी की पत्नी सोनाली पंसारी ही पूर्व में इस पद पर थीं, जिन्होंने अब अपने पति को यह जिम्मेदारी सौंपी।

### ग्राम पंचायत दर्री में हुआ कड़ा मुकाबला

ग्राम पंचायत दर्री में भी शुद्धोधन सोनटेके (लाला) ने सरपंच का पदभार संभाला, जबकि उपसरपंच पद का चुनाव बेहद दिलचस्प रहा। इस चुनाव में कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे– देवेंद्र साहू, ढालू राम सिन्हा और मदन लाल सिन्हा। मतदान के दौरान देवेंद्र साहू और ढालू राम सिन्हा को बराबर 6-6 मत मिले, जबकि मदन लाल सिन्हा को सिर्फ 1 मत प्राप्त हुआ।

टाई की स्थिति बनने पर निर्वाचन अधिकारियों ने चिट निकालने की प्रक्रिया अपनाई, जिसमें ढालू राम सिन्हा के नाम की चिट निकली, और वे उपसरपंच घोषित किए गए। हालांकि, ग्रामीणों के बीच देवेंद्र साहू की हार की चर्चा होती रही, क्योंकि उन्हें भी बराबर समर्थन मिला था। यहां यह ज्ञात हो कि देवेंद्र साहू की धर्मपत्नी सरीला साहू वर्तमान में जनपद सदस्य के पद में चुनकर आई है।

### ग्राम पंचायतों में नई उम्मीदें

इन चुनावों के परिणाम के बाद ग्रामीणों को नई पंचायती व्यवस्था से कई उम्मीदें हैं। जहां एक ओर खुज्जी पंचायत में एक ही परिवार से सत्ता हस्तांतरण हुआ, वहीं दर्री पंचायत में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

चुनावों के बाद दोनों ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंच और उपसरपंचों का स्वागत किया गया, और लोगों ने पंचायत के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला पुलिसकर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन रैली निकालकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने दिया संदेश

**राजनांदगांव 8 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा नियमों को जनसामान्य में संदेश देने के लिए महिला पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन रैली निकाली। दो पहिया वाहन रैली अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण (अजाक) थाना से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक से नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस अजाक थाना पहुचकर समापन किया गया। महिला पुलिस कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा नियमों से लिखें तखती हाथों में लेकर जनसामान्य को संदेश दिया। रैली में दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहने पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट पहनायें, बिना लायसेंस के वाहन न चलाए, दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार हेतु मदद करें, सड़क में अपने बाये ओर चले रोड के बीचो बीच न चले, नशे की हालत में कोई भी वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाईल का कतई उपयोग न करें, नबालिग बच्चें को वाहन चलाने न दे, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा मूलमंत्र को अपनाये, सदैव यातायात नियमों का पालन करें, माल वाहक में सवारी न करें और दुर्घटना से बचे जैसे सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भावेश बैद, राजेश श्यामकर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### साइबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाताधारकों व सप्लायर के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# चंद पैसों के लालच में सायबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

- 17 बैंक खातों में साइबर ठगी से कुल 70.83 लाख रूपये ठगी की रकम की गई थी प्राप्त एवं बैंक खातों में दर्ज शिकायत के अलावा लगभग छः करोड़ के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की मिली जानकारी
- थाना कोतवाली ने 12 म्यूल बैंक खाता धारक व बसंतपुर के 4 म्यूल बैंक खाता धारक कुल 16 आरोपियों पर कार्रवाइ की जिसमें 3 खाता धारक सप्लायर शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 9 मार्च।** वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, साइबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। उसी क्रम में बढ़ते हुये साइबर अपराधों के मद्देनजर साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जन जागरूकता एवं सायबर अपराधियों एवं साइबर ठग गिरोह को म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले गिरोह पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के द्वारा जिले में मिशन साइबर सुरक्षा अभियान की शुरूआत की गई है।



इस अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना बंसतपुर क्षेत्रान्तर्गत अनुसार एक्सिस बैंक शाखा राजनांदगांव जिला राजनांदगांव में कुल 06 बैंक खातों जिनका उपयोग विभिन्न साइबर अपराधों में प्रयोग किया गया है को चिन्हांकित कर उक्त खाता धारकों के विरूद्ध थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 113/2025, धारा 317(2), 317(4), 317 (5), 111 (3) (5) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली रमेन्द्र सिंह एवं थाना प्रभारी बंसतपुर निरीक्षक एमन साहू एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपी 01. मोहित जयसिंघानी 02. शरद कुमार हरिहारनो 03. प्रवेश मेश्राम 04. गौरव चौहान से 06 बैंक खाता धारकों में कुल 27, 32, 900 रु. जमा होना पाया गया। आरोपियों से पृथक-पृथक पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म करना स्वीकार किया गया विवेचना में आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा का घटित पाये जाने से विधिववत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया जा रहा है प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पता तलास की जा रही है। दर्ज शिकायत के अलावा कुल 2, 74, 00000/- (दो करोड़ चौहत्तर लाख रूपये) के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुई है। संदेहास्पद ट्रांजेक्शन के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही है। इसी प्रकार थाना कोतवाली के अपराध क्र0 104/25, 105/25, 106/25, 107/25, 108/25, 109/25, 110/25 धारा 317 (2), 317 (4), 317(5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत पंजाब नेशनल बैंक राजनांदगांव, इंडियन ओव्हरसीज बैंक राजनांदगांव, युनियन बैंक राजनांदगांव, केनरा बैंक राजनांदगांव, बैंक ऑफ महाराष्ट्र राजनांदगांव, बंधन बैंक राजनांदगांव कुल 17 बैंक खातों से कुल 7083519 रूपये जमा होना पाया गया। खातों की जांच होने पर आरोपी एवन दास मानिकपुरी, चम्पेश कुमार देवांगन, नितेश साहू, पूनमचंद साहू, शेख फैजान, मिहिर साहू, चेतन मंडावी, नागेश्वर बोरकर, हिमांशु पात्रे, मोह0 सलीम, चेतन निर्मलकर, विजय कुमार देवांगन से पृथक-पृथक से पूछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किये विवेचना में आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा का घटित पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया जायेगा। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पता तलाश जारी है। दर्ज शिकायत के अलावा कुल 6, 00, 00000/- (छः करोड़ रूपये लगभग) के संदेहास्पद ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुई है। संदेहास्पद ट्रांजेक्शन के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही है।

### लखोली में फागुन फाग महोत्सव 11 व 12 मार्च को

**राजनांदगांव, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड नंबर 35 व 36 दुर्गा चौक में दो दिवसीय फाग गायन एवं झाँकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 मार्च दिन मंगलवार एवं बुधवार को समय सुबह 7:00 से रात्रि 10:00 बजे तक समस्त वार्डवासियों के तत्वावधान में होने जा रहा है। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक मंडली को प्रवेश शुल्क के रूप में 251 रुपए जमा करना होगा। प्रतिभागी विजेता मंडलियों को पुरस्कार का विवरण का वितरण किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रू, द्वितीय - 3001रू, तृतीय - 2001 रू, चतुर्थ - 1501 रु, पंचम - 1001 रू., षष्ठम - 1001 रू., सप्तम - 1001 रू, अष्टम - 1001 रू के साथ सदाबहार पुरस्कार व विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रुप में दिनेश ट्रेडर्स, गंज चौक प्रो. आशीष गुप्ता, नवीन जैन समाजसेवी, डोमार साहू दूध वाले, संजय सरोदे (समाजसेवी), मांगन दास साहू, नरेश साहू, खिलावन साहू (आर्मी मैन), सुन्दरलाल जंघेल, लक्ष्मण साहू, जगदीश सिन्हा, उमरदीन खान, दीना साहू, निलेश साहू, सुरेश साहू, भोला बंछोर, शत्रुहन साहू (शिक्षक), लक्ष्मणपुरी गोस्वामी सहित अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष परमेश्वर जंघेल (परू), कोषाध्यक्ष शिव साहू, सचिव तरूण साहू, सहसचिव हीरादास साहू, संरक्षक मांगनदास साहू, सदस्य में मोनू साहू बैगापारा, गिरधारी साहू, राजेश साहू, कुमलेश साहू, सोनू साहू, रोशन साहू, दीना साहू, संजय साहू, हीरा साहू, संतोष खिलावन साहू, लाकेश साहू, मोनू निषाद, मोन्टू निषाद, प्रहलाद यादव, छगन साहू, वेन साहू, खिलेश यादव, संजय यादव, दुर्गेश निषाद, साहू, दिलीप, गिरधारी साहू, मोनू साहू, देवेन्द्र साहू (गोलू), यशवंत साहू, मनहरण साहू, रूपेश साहू, पुरुषोत्तम साहू (छोटू), मनोज कुमार साहू, हर्ष साहू, राजू साहू, अभिषेक साहू, यमन साहू, देवा साहू, डिकेश्वर साहू, राकेश साहू, जयसिंग ठाकुर अरूण साहू (पिन्दु), संतानु नेताम, राज साहू उपस्थित रहेंगे।

## लेखिका निर्देशक सीमा कपूर की आत्मकथा लांच

ओमपुरी की पूर्व पत्नी और अन्नू कपूर की बहन, बॉलीवुड की प्रसिद्ध लेखिका निर्देशक सीमा कपूर की आत्मकथा ₹यूँ गुज़री है अब तलक₹ का मुम्बई में विमोचन समारोह फिल्मी सितारों से सजी एक खूबसूरत और यादगार शाम बन गई। उनकी किताब के लॉन्च पर अनुपम खेर, परेश रावल, निर्माता बोनी कपूर, डॉ. अन्नू कपूर,



दिव्या दत्ता, रघुवीर यादव, गायिका डॉ. जसपिंदर नरूला, लेखक निर्देशक रूमी जाफ़री सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। स्टूडियो रिफ्यूल के कुमार कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर थे। पूर्व एमएलए भारती लाव्हेकर ने पुष्पगुच्छ देकर सीमा कपूर का अभिनंदन किया। उज्जैन से उपस्थित डॉ खुशब पांचाल ने श्लोक पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मशहूर निर्माता निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा का एक वीडियो दिखाया गया जिसमें उन्होंने सीमा कपूर की किताब के कुछ अंश पढ़े। अनुपम खेर ने कहा कि सीमा कपूर को वह बहुत अच्छी तरह जानते हैं। वर्षो से उनकी खूबसूरती आज भी बरकरार है। यह कपूर परिवार ही कमाल का है। सब इंटेलिजेंट हैं, ज्ञान का भंडार रखते हैं।

## होली में रंगों के बीच कैसे रखें त्वचा का ख्याल? कलाकारों ने दिये खास टिप्स!

होली रंगों का त्योहार है, जो हंसी-खुशी और मस्ती से भरा होता है। लेकिन ये खूबसूरत पल यादों के साथ-साथ त्वचा पर रूखापन, जलन और जिद्दी रंग भी छोड़ सकते हैं। यह खासकर उन कलाकारों के लिए बेहद गंभीर समस्या होती है, जो हमेशा कैमरे के सामने रहते हैं। ऐसे में उनके लिये अपनी स्किन का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। होली से पहले की देखभाल से लेकर बाद की सफाई तक, एण्डटीवी के सितारे अपने खास ब्यूटी टिप्स बता रहे हैं, जिससे उनकी त्वचा होली खेलने के बाद भी चमकदार और हेल्दी बनी रहे! इन कलाकारों में शामिल हैंः गीतांजलि मिश्रा (‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश) और शुभांगी अत्रे (‘भाबीजी घर पर हैं‘ की अंगूरी भाबी)। गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश ने कहती हैं, ‘‘होली मेरा सबसे पसंदीदा त्योहार है! मुझे इसके रंग, उत्साह और खुशियों से भरा माहौल बहुत पसंद है, लेकिन स्किन केयर से मैं कभी समझौता नहीं करती। बाहर जाने से पहले मैं अपनी त्वचा और बालों पर नारियल या बादाम का तेल जरूर लगाती हूं, जिससे रंग आसानी से हट जाएं और कोई नुकसान न हो। सनस्क्रीन लगाना भी जरूरी है, चाहे धूप तेज हो या हल्की। मैं हमेशा ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करती हूं, ताकि त्वचा को कम नुकसान हो। होली खेलने के बाद हल्के क्लींजर से त्वचा साफ करती हूं, एलोवेरा जेल लगाती हूं और खूब पानी पीकर हाइड्रेट रहती हूं।

## मानसिक खेलों का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

मुंबई में SOG ग्रैंडमास्टर सीरीज़ पश्चिम क्षेत्र के फाइनल का समापन भारत में इस शहर को मानसिक खेलों का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन में न केवल प्रतियोगियों बल्कि महाराष्ट्र राज्य सरकार की भी उत्साही भागीदारी देखने को मिली, जो इन बौद्धिक प्रतियोगिताओं के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री श्री आशीष शेलार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने बौद्धिक



प्रतिस्पर्धाओं की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस पहल की सराहना की, साथ ही भारत में मानसिक खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत की। इस टूर्नामेंट ने पश्चिम क्षेत्र में 1,50,000 से अधिक पंजीकरण देखे, जिसमें शतरंज, रम्मी और अंधे शतरंज की तीनों श्रेणियाँ शामिल थीं, जो इस क्षेत्र में मानसिक खेलों में अपार रुचि को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन में असाधारण प्रदर्शन हुए, जिसमें 12 फाइनलिस्ट्स को प्रति वर्ष ₹60,000 की प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया, जो उनके असाधारण योगदान की सराहना करता है.

## तेनाली के सामने नई चुनौती: विषकन्या के रूप में पवित्रा

सोनी सब का लोकप्रिय शो ‘तेनाली रामा’ अपनी दिलचस्प कहानियों से दर्शकों को लगातार रोमांचित कर रहा है। प्रतिभाशाली अभिनेता कृष्ण भारद्वाज द्वारा निभाया गया तेनाली रामा का किरदार अपने चतुराई भरे किस्सों और बुद्धिमत्ता के लिए जाना जाता है। इस नए अध्याय में तेनाली एक बार फिर विजयनगर की रक्षा के लिए लौटता है, जहां काली मां (बरखा बिष्ट) द्वारा बताए गए एक भयंकर संकट का खतरा मंडरा रहा है। गिरगिट राज (सुमित कौल) पहले ही विजयनगर को नष्ट करने की अपनी खतरनाक



योजना का खुलासा कर चुका है। उसने नगर में तबाही मचाने के लिए एक विशाल हाथी को छोड़ा था। अब उसके पास उससे भी घातक साथी आ गया है—विषकन्या आफरीन, जिसे पवित्रा पुनिया निभा रही हैं। नर्तकी के वेश में विजयनगर में प्रवेश करने वाली आफरीन का असली मकसद बदला लेना है। वह अपने साथ हुए अन्याय का प्रतिशोध चाहती है। उसका मुख्य निशाना राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) हैं, लेकिन उसका पहला वार तिम्मारसु (अमित पचौरी) पर पड़ता है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं।

## वीर हनुमानः एक भव्य महागाथा की प्रस्तुति

सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति लेकर आ रहा है – ₹वीर हनुमान₹, जिसमें युवा मारुति के कम ज्ञात सफर को दर्शाया गया है। यह शो दिखाएगा कि कैसे वे अपने सच्चे उद्देश्य की खोज करते हैं और अपने दिव्य भविष्य के लिए खुद को तैयार करते हैं। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नज़र आएंगे, जबकि सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली




दोहरे किरदार में नजर आएंगे। यह शो बाल हनुमान की मासूमियत, उनके दिव्य शक्तियों के प्रति जागरूकता और अपनी नियति को पूरा करने के लिए आने वाली कठिनाइयों को पार करने की यात्रा को उजागर करेगा। भगवान हनुमान की कहानी आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है। यह शो साहस, निःस्वार्थता और बुराई पर अच्छाई की विजय की शाश्वत गाथा को प्रस्तुत करेगा।

सोनी सब में हम उन कहानियों को प्रस्तुत करने में विश्वास रखते हैं जो दर्शकों के दिलों को छूती हैं। भगवान हनुमान की कथा पीढ़ियों से पूजनीय रही है, और हम इसे एक नई और आकर्षक शैली में प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं। उनका जीवन अपार शक्ति और आस्था का प्रतीक है, और हमें उम्मीद है कि यह शो पूरे भारत में परिवारों को प्रेरित करेगा और जोड़कर रखेगा। एक ऐसे चैनल के रूप में जो हमेशा पारिवारिक मनोरंजन को बढ़ावा देता आया है, हमें विश्वास है कि यह शो परिवारों को एक साथ बैठकर इस अद्भुत महागाथा का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। हनुमान केवल एक योद्धा नहीं हैं; वे एक भावना हैं - विश्वास की, साहस की, असीम शक्ति की। वीर हनुमान उनकी आत्मा की यात्रा है, जो हमने सुनी हुई कहानियों से परे है, जो उन्हें शाश्वत बनाती है। यह केवल उनकी कहानी को फिर से बताने तक सीमित नहीं है; यह हनुमान की शक्ति का अनुभव करने के बारे में है जो आपके साथ रहती है, आपको प्रेरित करती है, और आपके भीतर कुछ जागृत करती है।

## तेनाली रामा की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती

सोनी सब का तेनाली रामा अपनी रोमांचक कहानियों से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है, जिसमें प्रतिभाशाली कृष्ण भारद्वाज ने प्रसिद्ध दरबारी कवि और चतुर रणनीतिकार तेनाली रामा की भूमिका को जीवंत किया है। हाल के एपिसोड्स में तेनाली रामा और तथाचार्य (पंकज बेरी) जब रक्त पुष्प की खोज कर रहे होते हैं, तब खुद को एक विशाल चट्टान के नीचे फंसा पाते हैं। इसी दौरान, लच्छम्मा (आरिया सकारिया) की हालत बिगड़ती जा रही है। आने वाले एपिसोड्स में तेनाली रामा लच्छम्मा को बचाने के लिए एक खतरनाक यात्रा पर निकलते हैं। लच्छम्मा ने ही बहादुरी से गिरगिट राज (सुमित कौल) के घातक जाल से विजयनगर को बचाया था। हालांकि, इस मिशन में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जो उनकी बुद्धिमत्ता की सबसे कठिन परीक्षा होती है। तथाचार्य, धनी और मनी के साथ मिलकर, तेनाली को पांच कठिन चुनौतियों को पार करना होगा ताकि वह रक्त पुष्प प्राप्त कर सके—जो लच्छम्मा को बचाने



का एकमात्र उपाय है। इसी दौरान, गिरगिट राज और राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) के बीच जबरदस्त टकराव होता है, जहां गिरगिट राज अपनी काली शक्तियों का इस्तेमाल कर राजा पर हावी होने की कोशिश करता है। राजा पूरी ताकत से अपने राज्य की रक्षा करने का प्रयास करते हैं, लेकिन समय उनके हाथ से फिसलता जा रहा है। जब तेनाली और उनके साथी आखिरकार रहस्यमयी उद्यान तक पहुंचते हैं, तब उन्हें एक बड़ा झटका लगता है—रक्त पुष्प वहां से गायब हो चुका है! इस नाजुक घड़ी में तेनाली को अपनी अद्वितीय बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करना होगा ताकि वह इस रहस्य से पर्दा उठा सके। यहां तक कि पहेली हल करने और दुर्लभ पुष्प को पाने के बाद भी समय तेज़ी से निकलता जा रहा है और हर एक पल कीमती हो जाता है।

**क्या तेनाली समय रहते महल लौट पाएंगे और लच्छम्मा को बचा पाएंगे?**

तेनाली रामा की भूमिका निभा रहे कृष्ण भारद्वाज ने कहा, ₹यह कहानी तेनाली रामा की बुद्धिमत्ता और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। रक्त पुष्प की खोज का सफर कई बाधाओं से भरा हुआ है, जो सिर्फ उनकी चतुराई ही नहीं बल्कि उनकी इच्छाशक्ति की भी परीक्षा लेता है। गिरगिट राज और राजा कृष्णदेवराय के बीच की लड़ाई इस मिशन को और भी रोमांचक बनाती है। आने वाले एपिसोड्स में, दर्शक तेनाली को समय के खिलाफ दौड़ते हुए देखेंगे, पहेलियों को हल करते हुए और जादुई बाधाओं को पार करते हुए—सिर्फ लच्छम्मा को बचाने के लिए। यह एक बेहतरीन कहानी है.

## राजेश की भविष्यवाणी की शक्ति का इस्तेमाल शेयर मार्केट टिप्स के लिए किया

**मुंबई.** सोनी सब के लोकप्रिय शो ‘वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से’ में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है जब अथर्व (शिहान कपाही) गुपचुप तरीके से राजेश (सुमित राघवन) की भविष्यवाणी करने की शक्ति का उपयोग हर्षद (अमित सोनी) को शेयर बाजार में निवेश करने के टिप्स देने के लिए करता है। इस बात से अनजान राजेश अपने सामान्य जीवन में व्यस्त रहता है, जबकि हर्षद अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद में इन तथाकथित भविष्यवाणियों पर पूरी तरह निर्भर होने लगता है। शुरुआती



सफलता हर्षद के लालच को और बढ़ा देती है और वह अथर्व को अपनी मदद जारी रखने के लिए मना लेता है। इससे ऐसी घटनाओं की कड़ी शुरू हो जाती है, जिसे कोई भी पूरी तरह से समझ नहीं पाता। आने वाले एपिसोड्स में, हर्षद की आत्मविश्वास से भरी लेकिन जोखिम भरी चालें और ज्यादा खतरनाक मोड़ लेंगी, क्योंकि वह शुरुआती जीत के नशे में और लोगों को इस खेल में शामिल करने लगता है। शेयर बाजार की दुनिया हमेशा अनिश्चित होती है। जब चीजें योजना के मुताबिक नहीं चलतीं, तो इसके परिणाम किसी की भी सोच से कहीं अधिक बड़े साबित होते हैं। अब जब विश्वास और आर्थिक स्थिरता दोनों दांव पर लगे हैं, तो सच को ज्यादा दिनों तक छुपाया नहीं जा सकता।

**क्या राजेश को इस सच्चाई का पता चलेगा? और जब उसे इसका अहसास होगा, तो उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी?** शो में राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमित राघवन ने कहा, ₹राजेश हमेशा मेहनत और ईमानदारी में विश्वास करता है, इसलिए उसका बेटा यदि उसकी शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए कर रहा है.

## महिलाओं के अविश्वसनीय योगदान और ताकत को सराहा

टेलीविजन पर महिलाएं सिर्फ काल्पनिक किरदारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती, वह और भी बहुत कुछ करती हैं- वे समाज के ताने-बाने का प्रतिनिधित्व करती हैं, जुझारूपन, उम्मीद और प्रेरणा को दर्शाती हैं जिससे पूरे भारत में दर्शक गहराई से उनके साथ जुड़ाव महसूस करते हैं। सोनी सब ने लगातार मजबूत महिला नायकों को पेश किया है जो अपनी ताकत को स्वीकारती हैं और कई भूमिकाओं को संतुलित करती हैं, ठीक वैसे ही जैसे महिलाएं असल जीवन में हर दिन करती हैं। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम सोनी सब की कुछ बेहतरीन अभिनेत्रियों का जश्न मना रहे हैं जो न केवल मनोरंजन कर रही हैं बल्कि अपने दमदार किरदारों से प्रेरणा भी देती हैं।



सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री करुणा पांडे लाखों महिलाओं के लिए ताकत की प्रतीक हैं, जो उन्हें खुद से प्रेम करने का महत्व सिखाती हैं। उन्होंने कहा, ₹इस महिला दिवस पर मैं महिलाओं में पैदा होने वाली जुझारूपन की सहज भावना का जश्न मनाना चाहती हूँ और मैं उनसे आग्रह करती हूँ कि वे अपनी पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को संभालते हुए खुद को प्राथमिकता दें। मेरा मानना है कि मेरा किरदार पुष्पा दर्शकों, खासकर महिलाओं के साथ गहराई से जुड़ा है, क्योंकि वह अपनी पहचान का त्याग नहीं करती है, वह जीवन के छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूँढते हुए अपनी ज़िम्मेदारियों को संतुलित करती है। अगर पुष्पा से मैंने एक बात सीखी है, तो वह यह है कि खुशी भीतर से शुरू होती है, और जब हम खुद को महत्व देते हैं, तभी हम अपने आस-पास के लोगों को सही मायने में ऊपर उठा सकते हैं।”

सोनी सब के वागले की दुनिया में वंदना का किरदार निभाने वाली परिवा प्रणति ने कॅरियर और परिवार के बीच संतुलन बनाने के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा, “इस महिला दिवस पर मैं हर उस महिला का जश्न मनाना चाहती हूँ जो अपनी भूमिकाएँ निभाती है और हमारे रास्ते में आने वाली चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ती रहती है। वंदना का किरदार निभाने से मुझे इस बात की गहरी समझ मिली है कि बहुत सी महिलाएँ कॅरियर, परिवार और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने के लिए लगातार काम करती हैं। वंदना का सफर मेरी और कई महिलाओं की वास्तविकता को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि कोई भी महिला सब कुछ नहीं समझ पाती है और यह ठीक है। जो मायने रखता है वह है सामने आना, अपना सर्वश्रेष्ठ देना और यह समझना कि प्यार, चाहे आपके परिवार के लिए हो या आपके सपनों के लिए, कभी विभाजित नहीं होता, बल्कि बढ़ता है।” अभिनेत्री सायली सालुंखे ने ऐसे किरदार निभाए हैं जो महिलाओं की अलग-अलग स्थिति को दर्शाते हैं- पालनकर्ता, नेता और योद्धा और अब वह सोनी सब के वीर हनुमान में माता अंजनी की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ₹महिला दिवस उस शक्ति और प्रेम का उत्सव है जो महिलाएं हर दिन अपनाती हैं। मेरे लिए, माता अंजनी की भूमिका निभाना एक समृद्ध अनुभव रहा है क्योंकि वह उस निस्वार्थता और साहस का प्रतिनिधित्व करती हैं जो हमारे आस-पास की कई महिलाएं प्रदर्शित करती हैं। मुझे सशक्त कहानियों का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। एक समय में एक विविध चरित्र को जीवंत करने का और अगर मेरे किसी भी चित्रण ने किसी को प्रेरित किया है या उन्हें ताकत दी है, तो वह कहानी कहने की सच्ची सफलता है। इस महिला दिवस पर, मैं हर उस महिला का सम्मान करना चाहती हूं.

## कलाकारों ने दिया लैंगिग समानता के लिये एकजुट होने का संदेश

इस इंटरनेशन वूमंस डे की थीम #एक्सीलरेटऐक्शन हमें याद दिलाती है कि लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति तो हुई है, लेकिन उसकी गति और भी तेज होनी चाहिये। यह बातचीत से आगे बढ़ने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाने का समय है, जहाँ महिलाओं और लड़कियों को तरक्की करने के समान अवसर मिलें। एण्डटीवी की प्रमुख अभिनेत्रियों-स्मिता सेबल (धनिया, ‘भीमा’), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, ‘हप्पू की उलटन पलटन’) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, ‘भाबीजी घर पर हैं’) ने इसके लिये तेजी से काम करने की जरूरत पर जोर दिया। ‘भीमा‘ की धनिया, ऊर्फ स्मिता सेबल ने बताया, ‘‘इस साल की थीम र #एक्सीलरेटऐक्शन हमारे लिए बाधाओं को ज्यादा तेजी से और मिल-जुलकर तोड़ने का एक महत्वपूर्ण आह्वान है। महिला



सशक्तिकरण उन्हें सिर्फ बराबरी दिलाने के लिये नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिये भी होना चाहिये कि हर महिला के पास सफल होने के लिए स्वतंत्रता, संसाधन और अवसर हों। हालांकि, प्रगति तो हुई है, लेकिन कई महिलाओं को अब भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है और इसे बदलना होगा। जब हमारी आधी आबादी यानी महिलाओं को पीछे रखा जाता है तो हम एक समाज के रूप में सफल नहीं हो सकते। यह खुद पर और एक-दूसरे पर ध्यान देने का समय है, ताकि वास्तविक बदलाव लाया जा सके। इस महिला दिवस पर आइये, हम एक ऐसी दुनिया बनाएं जहाँ नारीत्व को पहचाना जाए, महत्व दिया जाए और सराहा जाए।’’ ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ‘‘महिलाओं ने लगातार लीडर, इनोवेटर और चेंजमेकर के तौर पर अपनी ताकत को साबित किया है। फिर भी कई महिलाओं को मौलिक अधिकारों, उचित पारिश्रमिक और



समान अवसरों के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है। असल बदलाव के लिये हमें लड़कियों को जरूर पढ़ाना चाहिये, लीडरशिप में महिलाओं को सहयोग देना चाहिये और उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना चाहिये। इस तरह महिलाओं के सशक्तिकरण में तेजी आएगी। मेरी माँ एक सिंगल पैरेंट हैं और उन्होंने मुझे हिम्मत रखने की ताकत दिखाई है। उन्होंने सामाजिक नियमों से कभी खुद को परिभाषित नहीं होने दिया और इसलिये मैं आज इतनी मजबूती से खड़ी हूँ। आइये, हम महिलाओं पर ध्यान दें, उन्हें बराबरी देने वाली जगहें बनाएं.

## उड़ेंगे होली के रंग, एण्डटीवी के संग

ढेर सारे रंगों, मस्ती और जश्न की बौछार के लिये तैयार हो जाइये, क्योंकि आपके पसंदीदा एण्डटीवी शोज कुछ दिलचस्प ट्विस्ट्स लेकर आ रहे हैं! ‘भीमा’ में अचानक एक अप्रत्याशित ड्रामा देखने को मिलेगा, जबकि ‘हप्पू की उलटन पलटन’ और ‘भाबीजी घर पर हैं’ में हास्यास्पद हालात दिखेंगे, क्योंकि आपके चहेते किरदार होली की खुशियों में डूबे नजर आयेंगे। एण्डटीवी के ‘भीमा‘ की आगामी कहानी के बारे में बात करते हुए, धनिया, ऊर्फ स्मिता सेबल ने कहा, ‘‘कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) मजबूर होकर वादा करती है कि दूसरी जातियों के लोगों को अब नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा। इस बीच भीमा (तेजस्विनी सिंह) और विशम्भर (विक्रम द्विवेदी), भीमा की विधवा भाबी मीरा को बचाते हैं और उन्हें पता चलता है कि वह गर्भवती है। लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर टिकती नहीं है, क्योंकि गुस्साई भीड़ उसे अनैतिक करार देती है और मजबूर करती है कि वह कालिका सिंह को बच्चे का पिता माने। घर लौटने के बाद भी मीरा को परेशान किया जाता है और भीमा और धनिया उसे आत्महत्या से करने से रोकती हैं। जब कैलाशा बुआ गलत अफवाहें फैलाती है और कालिका मीरा का अपहरण कर लेता है, तब भीमा और उसके साथी हिम्मत दिखाते हैं और कालिका भाग खड़ा



होता है। हालांकि, उनकी तकलीफें यहीं खत्म नहीं होती हैं, क्योंकि पंचायत मीरा को अनैतिक करार देती है और पूरे गांव के सामने उसे निंदा करके बाहर का रास्ता दिखा देती है। मीरा को न्याय दिलाने के लिये भीमा ने जो लड़ाई लड़ी, कालिका उसका मजाक उड़ाता है, क्योंकि मीरा का अपमान किया जाता है, उस पर स्याही फेंकी जाती है और फिर वह चली जाती है। यह भीमा के लिये बड़ा झटका है।’’ एण्डटीवी के शो ‘हप्पू की उलटन पलटन‘ में होली की कहानी के बारे में बताते हुए, गीतांजलि मिश्रा, ऊर्फ राजेश ने कहा, ‘‘पुलिस स्टेशन जाते वक्त हप्पू (योगेश त्रिपाठी) गलती से एक आदमी से टकरा जाता है और उसकी वर्दी खराब हो जाती है। गुस्से में आकर हप्पू उस आदमी को थप्पड़ मार देता है। इसे अपनी बेइज्जती समझकर वह आदमी बदला लेने की कसम खाता है। होली पर हप्पू और उसका परिवार रंगों की मस्ती से सराबोर हैं। हालांकि, उनकी खुशी जल्दी ही घबराहट में बदल जाती है, जब उनके चेहरों पर लगा रंग निकलने का नाम नहीं लेता है। वे सबकुछ आजमाते हैं, लेकिन बात नहीं बनती है। इस बीच कमिश्नर हप्पू को बताता है कि एक मंत्री आने वाला है और समस्या यह है कि मंत्री को रंगों से नफरत है, क्योंकि होली के दिन उसकी पत्नी भाग गई थी। हप्पू पर मंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी है पर उसे यह चिंता सता रही है कि अगर उसे मंत्री ने इस हालत में देखा तो उसकी नौकरी जा सकती है।

## ‘भाबीजी घर पर हैं’ ने पूरे किये 10 साल

एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो ‘भाबीजी घर पर हैं!’, जिसे संजय और बिनैफर कोहली ने एडिट 2 के तहत प्रोड्यूस किया है, ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वर्ष 2015 में अपने प्रीमियर के बाद से, यह शो अपने जबरदस्त हास्य, मजेदार डायलॉग्स और यादगार किरदारों के साथ दर्शकों का पसंदीदा बन चुका है। आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी), शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) जैसे शानदार कलाकारों की बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और दमदार परफॉर्मेंस ने इसे हर घर की पसंद बना दिया है। इस उल्लेखनीय सफर का जश्न मनाने के लिए, कलाकारों और क्रू मेंबर्स ने देहरादून की खूबसूरत वादियों में एक भव्य समारोह आयोजित किया, जहां उन्होंने शो की 10वीं सालगिरह पर एक विशेष केक भी काटा। इस खास अवसर पर, पूरी टीम ने शो से जुड़े यादगार पलों के बारे में बात की और दिल से आभार जताया। माहौल खुशी, खूबसूरत यादों और दर्शकों के बेइंतहा प्यार से सराबोर था, जिन्होंने इस शो को पूरे 10 साल तक अपना भरपूर प्यार दिया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए, निर्माता बिनैफर कोहली ने कहा, ‘‘इस मुकाम तक पहुंचना हमारे लिए बेहद गर्व और भावनाओं से भरा पल है। ‘भाबीजी घर पर हैं!‘ का सफर अविश्वसनीय रहा है और यह संभव हुआ है



हमारे प्रतिभाशाली कलाकारों, मेहनती क्रू और सबसे बढ़कर, हमारे दर्शकों के अटूट समर्थन की बदौलत। यह शो हमारे दिल के बहुत करीब है और 10 साल पूरे करना इस बात का प्रमाण है कि यह लाखों प्रशंसकों के दिलों में बसा है। हम एण्डटीवी का भी तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने हमारे विजन पर भरोसा किया और हर कदम पर हमारे साथ खड़े रहे। यह सफर यूं ही आगे बढ़ता रहे और खुशियों का यह सिलसिला बरकरार रहे!‘‘ आसिफ शेख, जो शो में सबके प्यारे और शरारती विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, ने इस खास मौके पर कहा, ’’यह सच में किसी जादुई सफर से कम नहीं है! पूरे दस साल तक विभूति का किरदार निभाना मेरे लिए एक अनमोल अनुभव रहा है। उसकी मस्ती, अंदाज़ और छोटी-बड़ी मुसीबतों से मेरी ज़िंदगी जुड़ चुकी है। सबसे खास बात यह है कि जिस किरदार को मैं निभा रहा हूँ, उसने लाखों चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है और लोगों को हंसाया है। हमारे चाहने वालों का प्यार ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, जो हर दिन मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। हमने इस खास मौके को देहरादून में सेलिब्रेट किया, जहां हम अपनी आने वाली प्रोजेक्ट की शूटिंग भी कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे शो ने दर्शकों के दिलों में कितनी गहरी जगह बनाई है। मैं अपने शानदार प्रोड्यूसर्स, पूरी टीम और एण्डटीवी का तहेदिल से शुक्रगुज़ार हूँ, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और इस सफर को इतना यादगार बना दिया। दस साल पूरे करना किसी भी कलाकार के लिए बहुत बड़ी बात होती है, और मैं यह खूबसूरत पल उन सभी को समर्पित करता हूँ, जो इस सफर का हिस्सा रहे हैं। उम्मीद है कि आगे भी ये हंसी और मस्ती यूँ ही चलती रहे!‘’शुभांगी अत्रे, जिन्होंने अपनी मासूमियत और प्यारी अदाओं से अंगूरी भाबी के रूप में दर्शकों का दिल जीत लिया है, ने अपनी खुशी का इज़हार करते हुए कहा, ’’अंगूरी भाभी मेरे दिल के बहुत करीब हैं। उनकी सादगी और उनका मशहूर डायलॉग ‘सही पकड़े हैं’ अब सिर्फ एक लाइन नहीं, बल्कि दर्शकों के लिए एक एहसास बन चुका है।

## तोरण राजपूत के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म" हाय पईसा" का मुहूर्त हुआ

रायपुर...प्रसिद्ध कैमरामेन तोरण राजपूत जिसके फिल्मांकन की ख्याति बॉलीवुड के अलावा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में डंका बजता है इन्हीं के निर्देशन आज स्थानीय गड़कलेवा रेस्टोरेंट में छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकारों के बीच सादे समारोह में आज गुरुवार 6 मार्च को अष्ट विनायक एच. डी. वर्ल्ड एवं सिनेमा 36 प्रोडक्शन के बैनर तले आगामी बनने वाली निर्माणाधीन छत्तीसगढी फिल्म ₹ हाय पईसा ₹ का शुभारंभ, मुहूर्त क्लैप कार्यक्रम गढ़ कलेवा (संस्कृति विभाग परिसर) रायपुर मे किया गया है, मुहूर्त शुभ अवसर पर निर्माता, निर्देशन, कहानी,तोरण राजपूत पटकथा, संवाद, स्व. गिरवर दास मानिकपुरी का एवं गीत,मिनेश साहू का संगीत,हितेंद्र वर्मा, कैमरामैन सिद्धार्थ सिंह फिल्म की सहनिर्माता,ऐशवर्या बंजारे होगी।

स्टार कास्ट मन कुरैशी, आकाश सोनी, आस्था शर्मा, हेम लाल कौशल, पप्पू चंद्राकर, पुष्पेंद्र सिंह, अजय सहाय, शिशिर तिवारी व अन्य कलाकारों के बीच सम्पन्न हुआ



एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति ने सशक्तिकरण पर दिया जोर



**गीदम, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा कारली योग भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पार्वती परिहार (सामाजिक संगठन) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गायत्री मंत्र उच्चारण एवं भारत माता और छत्तीसगढ़ी महतारी की आरती की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती पार्वती परिहार ने महिलाओं के अधिकारों, समाज में उनकी भूमिका और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पतंजलि परिवार की बहनों ने भजन प्रस्तुत किए और विभिन्न सांस्कृतिक एवं योग गतिविधियों में भाग लिया।


**खेल प्रतियोगिताएँ भी रहीं आकर्षण का केंद्र**–महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और चम्मच-कंचा दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती पासवान मैडम ने किया। इस अवसर पर सभी मातृ शक्तियों का तिलक और चंदन लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला पतंजलि जिला प्रभारी श्रीमती उर्मिला साहू का जन्मदिन भी बहनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में 50 से 55 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पतंजलि परिवार से जुड़े रहने और नियमित योग करने का संदेश भी दिया गया।

### स्पोर्ट्स क्लब ने महेश गागड़ा को ज्ञापन सौंप कर खेल परिसर निर्माण की मांग की

**किरंदुल, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व वन मंत्री एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष महेश गागड़ा जी के नगर आगमन पर स्पोर्ट्स क्लब किरंदुल के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य वॉलीबॉल संघ के मुखिया बनने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्लब के प्रतिनिधियों ने मंत्री जी को एक ज्ञापन सौंपकर स्थानीय खिलाड़ियों की समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में किरंदुल में एक आधुनिक खेल परिसर (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) की मांग की गई, जिसमें विभिन्न खेलों की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। क्लब ने सुझाव दिया कि इस खेल परिसर में फुटबॉल, कराटे, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेटऔर इंडोर खेल जैसे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और तीरंदाजी की सुविधाएं होनी चाहिए, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। बैलाडीला क्षेत्र को 'खेल भूमि' के रूप में पुनः पहचान दिलाने का लक्ष्य क्लब के सदस्यों ने बताया कि लौह अयस्क से समृद्ध बैलाडीला क्षेत्र हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा है, लेकिन उचित संसाधनों के अभाव में यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। अगर खेल परिसर का निर्माण किया जाता है, तो यह न सिर्फ जिले बल्कि प्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय होगा।इस दौरान स्पोर्ट्स क्लब किरंदुल के सचिव श्री खेमेश्वर लाल साहू, खेल सलाहकार श्री विनोद तब्बूना, भूपेश्वर लाल साहू, विनोद कुमार नाग, गौरव (गोटी), खिल्लू ठाकुर, नागेश्वर राव, नीरज साहू, संतोष सरोज और विदेशी जी समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मंत्री जी से इस मांग को प्राथमिकता देकर खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मंत्री महेश गागड़ा ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि वे इस मांग को शासन तक पहुंचाएंगे और खेल सुविधाओं के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।



### 217 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम में कपड़े व खेल सामान बांटा




**सुकमा, 9 मार्च ।** विजय शंकर (कमांडेन्ट 217 बटालियन) सीआरपीएफ के मार्गदशन में आज दिनांक 08/03/2025 को डी/217 एवं एफ/217 बटालियनसीआरपीएफ के वेलकनगुडेम कैम्प, पुलिस थाना-किस्ताराम, जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़) के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें वेलकनगुडेम कैम्प क्षेत्र के विभिन्न दूर दराज के गॉव वेलकनगुडेम, टिंगनपल्ली, इत्तनपाड, तुम्भालभटटी एवं ब्रुमपाड में रहने वाले लगभग 200 से अधिक, आदिवासी ग्रामीणों, स्कूलो के बच्चो / युवाओ एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें डॉ. मनदीप सिंह (वरिश्ठ चिकित्साधिकारी 217 बटालियन) सीआरपीएफ के द्वारा चिकित्सा उपचार हेतु दवाईयों व साडी, लुंगी, गमछा, किकेट का कीट, वॉली बॉल, चप्पल, वाटर टैंक, कंबल, फरवा एव साईकिल का वितरण किया गयां । श्री अजीत कुमार चौधरी, सहायक कमाण्डेंट एवं श्री टी0 किरण कुमार, सहायक कमाण्डेंट तथा डी0/217 एवं एफ/217 बटालियन ब्व्थ् के अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के द्वारा सभी ग्राम वासियों को उपरोक्त सामग्री वितरण करने के पश्चात भोजन कराया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# सरकार ने महतारी वंदन योजना लागू करके महिलाओं का किया सम्मान:धनीराम बारसे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 9 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को स्वामी विवेकानंद प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने की। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग के महिला कार्यकर्ता एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुईं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला पुलिसकर्मियों एवं महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ महिला कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 महिला कर्मचारियों को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधि श्री धनीराम ने कहा कि समाज में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। सरकार की ओर से महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मान पर विशेष ध्यान देने के लिए महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओ को अपना अधिकार पाने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने महिलाओं के सम्मान में महतारी वंदन योजना शुरू किया है। योजनांतर्गत महिलाओं को घर बैठे 1000 की सम्मान राशि उनके खाते में प्राप्त हो रही है। जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम ने कहा कि संस्थानों, कार्यालयों तथा अन्य स्थानों पर महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जाता है। समाज तथा परिवार की महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। आज महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए शासन के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जाती हैं। इस तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने वक्तव्य व्यक्त किए। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाये गए थे। इसके साथ ही कार्यक्रम में निबंध, चित्रकला, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इन विधाओं में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री बारसे के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मुख्य अतिथि के द्वारा बाल विवाह के रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुकमा श्री हुंगाराम मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष दोरनापाल श्रीमती राधा नायक, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बारसे माड़े, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बघेल, परियोजना अधिकारी श्री उत्तम कुमार, पार्षदगण सुकमा श्रीमती भुवनेश्वरी यादव, श्रीमती आयशा हुसैन, श्रीमती कांता राठी, श्री रमेश कर्मा, राजेन्द्र गुप्ता एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया शपथ ग्रहण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 9 मार्च।** गीदम में शनिवार को शहर सरकार का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ । इस मौके पर सबसे पहले नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने पद एवं निष्ठा की शपथ ली इसके बाद सभी वार्डो के निर्वाचित पार्षदों ने भी शपथ ग्रहण किया । पुराने बस स्टैंड परिसर में हुए इस आयोजन में गीदम एसडीएम विवेक चन्द्रा ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ दिलाया ।

इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष गुप्ता , जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अभिलाष तिवारी, नवीन विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पर्यटन मंडल पूर्व उपाध्यक्ष विजय तिवारी, राजेश झल्लर गुप्ता , भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, ग्राम पंचायत हारम क्रमांक 1 सरपंच प्रमिला सुराना समेत अन्य कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

**माधुरी गुप्ता बनी नगर पंचायत उपाध्यक्ष** – शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद नगर पंचायत कार्यालय में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया हुई जिसमे भाजपा की माधुरी गुप्ता निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई । गौरतलब है कि माधुरी गुप्ता नगर के वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद हैं। परिणाम आने के बाद भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

### जनता को विश्वास दिलाया सभी पार्षदों के साथ मिलकर करेंगे नगर विकास का काम


गीदम नगर स्थित सबसे पुराने शिव मंदिर परिसर के सामने हुए इस आयोजन में पद एवं निष्ठा की शपथ लेने के बाद नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी इसके साथ ही जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह सभी पार्षदों के साथ मिलकर काम करेंगे, नगर के किसी भी वार्ड में जो भी कमियां होगी उसे पूरा करेंगे , उन्होंने कहा मेरी जिस शैली को देखते हुए जनता मुझे चुनी है वह शैली हमेशा रहेगी , जनता ने विश्वास जताते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है, अब हम नगर का विकास भी तेज गति से करेंगे , जनता पर विश्वास जगाते हुए उन्होंने कहा कि नपं में जो भी पैसा आएगा जनता के टेक्स का पैसा है एक-एक पैसे का हम सही जगह इस्तेमाल करेंगे , उन्होंने आगे कहा कि हमने व्यापारी संघ चलाया है व्यापारी संघ मजबूत था इसलिए क्योंकि सभी व्यापारी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे , अब नपं अध्यक्ष बनने के बाद नगर के विकास के लिए जनता का साथ और समर्थन चाहिए , सभी 15 वार्डो पर नजर बनाए रखने के लिए प्रति वार्ड 2-2 की संख्या में कुल 30 लोगो की हम समितियां भी बनाएंगे जिससे सभी वार्ड के लोगो की समस्याओ और वहां की कमियो की जानकारी समय-समय पर मिल सके जिसका त्वरित समाधान किया जाएगा, भाषण के अंतिम में जनता की उम्मीद के लिए खरा उतरने नपं अध्यक्ष ने भोलेनाथ बाबा की सौगंध भी खाई ।

## जगदीश नायक निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित



**जगदलपुर, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बारदा में आज उप सरपंच निर्वाचन का कार्य संपन्न हुआ । सभी पंचों ने सर्व समिति से जगदीश नायक को उपसरपंच निर्वाचित घोषित किया गया । इससे पूर्व मार्गदर्शक मंडल का एक बैठक आहूत की गई जिसमें सभी पंच उपस्थित थे । पंचों की उपस्थिति में सर्व समिति से जगदीश नायक को उपसरपंच प्रत्याशी घोषित किया गया । इस प्रकार ग्राम बारदा. की पंचायत चुनाव का सभी क्षेत्रों मे निर्वाचन निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ । यह बहुत आश्चर्य की बात है की ग्राम बारदा में पहली बार इस प्रकार पंच सरपंच उप सरपंच का निर्विरोध निर्वाचित हुए है । इसके पीछे गांव के प्रमुख व्यक्तियों जिसमें मार्गदर्शक मंडल के सदस्य रामजी नायक दसमत कश्यप श्यामजी नायक कमल मौर्य सज्जन लाल राठौर फलगू राम चौहान काशीराम नायक घासुरम राठौर अरुण पाणिग्रही कैलाश पटेल धनसात्य निषाद ललित विषाई चमरा राम नायक हारीराम नायक नरसिंह पटेल एवं. ग्राम के प्रमुख व्यक्ति ग्रामीण सम्मिलित हैं ।

## विधायक लखेश्वर बघेल ने घायल को फॉलो गार्ड और सुरक्षा कर्मियों संग पहुंचाया अस्पताल



**जगदलपुर, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर ब्लॉक मेटावाडा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए विधायक लखेश्वर बघेल ने तत्परता दिखाई। उन्होंने बिना देर किए अपने फॉलो गार्ड और पीएसओ (निजी सुरक्षा अधिकारी) के साथ मिलकर घायल को अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसे तात्कालिक स्वास्थ्य सुविधा मिल सकी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। इसी दौरान विधायक बघेल वहां पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने घायल को अपनी गाड़ी में बैठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया।स्थानीय लोगों ने विधायक की इस त्वरित सहायता की सराहना की और कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी यह पहल वास्तव में प्रेरणादायक है।

## उप डाकघर सदर बाजार में महिला अभिकर्ता सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मैत्री संघ गली स्थित उप डाकघर सदर बाजार में महिला अभिकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा पाण्डे रही। मालूम हो कि आज महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर के अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। किसी ने महिला को नारी स्वरूपा बताया तो किसी ने कहा महिला अब हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर काम कर रही है। महिला दिवस के अवसर पर सभी आयोजनकर्ताओं ने अपनी गरिमा के अनुरूप मुख्य अतिथि व वक्ता तय किए थे। लेकिन सदर बाजार उप डाकघर में बहुत ही सादगी से सब पोस्ट मास्टर ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। महिला अभिकर्ताओं ने भी नारी की व्याख्या अपने अपने शब्दों में की। मुख्य अतिथि रेखा पाण्डे ने कहा आज की महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई है। नारी ने अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान लिया है। 8 मार्च का दिन पुरे विश्व में महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं के अधिकार और सम्मान का दिन है। समाज कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग ऐसे अनेक विभाग हैं जो महिलाओं के अधिकार और उत्थान के लिए काम करते हैं। अनेक ऐसी योजनाएं हैं जो कि महिलाओं के लिए संचालित है। 11 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की है। इस योजना को आज एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं। योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में स्थानांतरण की जाती है। आज 13 वीं किस्त की राशि जारी की गई है। इस योजना से महिलाएं और भी अधिक सशक्त हुई हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परामर्श केंद्र भी खोले गए हैं।

## डिमरापाल सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल सिर्फ निरीक्षण और झूठे वादों तक सीमित:सुशील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 9 मार्च।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया..बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा बस्तर जिले में बन रहे सर्वसुविधायुक्त सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल निजीकरण की अग्रसर होते जा रहा है,और भाजपा नेताओं की चुप्पी इस बात जीता जागता उदाहरण है,ग्यारह मंजिल सर्व सुविधा युक्त बिल्डिंग बनाकर ठेकेदार ही बैठाना है तो आदिवासी समाज को दे।एक रिक्शा वाला भी चला लेगा। प्रायवेट संस्था अपने पैसों से बिल्डिंग बनाता,समान लाता तो बात अलग बात है।केंद्र के सहयोग से चलने वाले इस अस्पताल को राज्य के साथ मिलकर कार्पोरेट घराना को सौंपने के लिए कार्य किया जा रहा है,और शर्तें भी ऐसा रखा गया है कि छत्तीसगढ़ के कोई भी अस्पताल भाग ही न ले पाए। अब स्थानीय विधायक यह बताएं की कार्पोरेट घोटाला का फंड कहां जाएगा? बस्तर के आदिवासियों के नाम पर कार्पोरेट भ्रष्टाचार कर सरकारी पैसा खर्च कर ठेकेदार ही बैठाना है तो आदिवासी समाज को दे हास्पिटल! ये भाजपा नेताओं का सीधा सीधा भ्रष्टाचार कर पैसा कमाने का जरिया है! छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी वाजपाई जगदलपुर आकर सरकारी अस्पताल का निरीक्षण करके जाते हैं,पर सिर्फ निरीक्षण तक ही सीमित है इनकी नीति और नीयत में साफ है कि आगे जाकर सरकारी अस्पतालों का नीजिकरण करना है। सरकार सुविधा नहीं दे सकती तो प्रायवेट कैसे अस्पताल को कैसे देंगे आदिवासियों के बेहतर ईलाज के नाम पर एन जुड़ी सी बचेली में अपोलो हॉस्पिटल को ठेका दिया है, बीस साल से ऊपर हो गया न तो न्यूरो सर्जन है न ही कार्डियो सर्जन है और न ही नेफ्रो सर्जन है। बस्तर जिले के कोपागुड़ा में दस साल से अस्पताल के नाम जमीन लेकर रखा लेकिन अभी तक नींव के लिए गड्ढा तक नहीं खुदा है।

## वार्ड क्रमांक-13 में अध्यक्ष एवं पार्षद ने गौ माता के लिए पीने के पानी का लगवाया टब



**दंतेवाड़ा - बचेली, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेक कार्य करने हेतु सच्चा मन दृढ़ निश्चय और काबिलियत होना ही काफी होता है। आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड 13 पार्षद एवं वर्तमान पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी एवं पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल के आपसी सहयोग से वार्ड में अलग अलग स्थानों पर गौ माताओं एवं अन्य पशुओं हेतु पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। बता दे कि संपूर्ण वार्ड में अलग अलग स्थानों पर पानी रखने का टब लगाया जा रहा है जिससे भीषण गर्मी में पशुओं को पानी पीने में असुविधा ना हो। वार्ड वासियों ने टब का वितरण करने वाले वाहन की पूजा की एवं नारियल फोड़कर तिलक लगाकर शुरुआत की। इस नेक कार्य में सहयोग देने वाले लोगों में अनुसुइया भोपले,ईश्वर राव,मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती सहित वार्ड 13 के वार्डवासी भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के इस कार्य की नगर भर में प्रशंसा हो रही है वहीं लोग यह कहते नजर आ रहे है कि प्रत्येक वार्ड के पार्षदों को इनके कार्यों प्रेरणा लेकर यह नेक कार्य करना चाहिए ताकि पशुओं को पानी पीने में परेशानी से मुक्ति मिले।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुकमा में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सुकमा, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में जिले की महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, गोला फेंक, भाला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री हुंगा राम मरकाम, श्रीमती भुनेश्वरी यादव, श्रीमती आयशा हुसैन, श्री राजेंद्र गुप्ता, श्री राजेश दास, श्री संजय,जिला खेल अधिकारी श्री वीरुपाक्ष पुराणिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।इस प्रतियोगिता में जिला स्तरीय महिला टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतियोगिता में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## नेशनल पार्क एरिया में कठिनाइयों के बावजूद गांवों के 1127 मरीजों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम, 9 मार्च।** जिले के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नेशनल पार्क एरिया में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया।कलेक्टर संबित मिश्रा के आदेशानुसार एवं भोपालपटनम बीएमओ डॉ. चलापति के मार्गदर्शन में दिनांक 5 मार्च 2025 से 8 मार्च 2025 तक उप स्वास्थ्य केंद्र केरपे के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विषम परिस्थितियों में भी सेवा जारी रखी और उन क्षेत्रों में पहुंची, जहां परिवहन की सुविधा नहीं थी। दुर्गम पहाड़ियों और कठिन रास्तों को पार करते हुए, चिकित्सा दल ने फरसनार, करकावाड़ा, गोडनूगुर, दुडेपल्ली, मरकुड और केरपे जैसे 6 ग्रामों में शिविर लगाकर 1127 ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार, व्यापक सेवाओं से ग्रामीणों को राहतशिविर में गर्भवती महिलाओं की हृष्ट जांच, बच्चों का टीकाकरण, 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों की बीपी और शुगर जांच, मलेरिया परीक्षण, स्कूली बच्चों की सिकलिंग जांच सहित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।इस स्वास्थ्य शिविर में बीपी मरीज, शुगर मरीज, बुखार ग्रस्त मरीज, मलेरिया (PF) (**PV**), सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, कमर दर्द, शरीर दर्द, खुजली के मरीज, कमजोरी की शिकायत, गर्भवती महिलाओं की हृष्ट जांच, हृष्ट पंजीयन कुल मिलाकर 1127 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया।इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी समस्याओं और शारीरिक कमजोरी जैसी स्वास्थ्य चुनौतियां अधिक हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से इन रोगों की पहचान और समय पर उपचार संभव हो पाया।स्वास्थ्य सेवा में समर्पित टीम, कड़ी मेहनत से मिली सफलता इस शिविर को सफल बनाने में डॉ. पी. चंद्रशेखर के नेतृत्व में डॉ. गरिमा वट्टी, श्री सुनील हरदेल, श्री अजय कंवर, कु. भारती कृषक, हेमलता मंडावी, कु. प्रतिमा हुपेंडी, ब्रिजेश कोरम, श्रीमती नागुबाई, सुपरवाइजर श्रीमती सरिता चिड़ेम, श्री गजेंद्र बुरका, श्रीमती बबीता समेत केरपे के सभी मितानिनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन कर्मियों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाया और पैदल यात्रा कर उन स्थानों तक पहुंचे, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की बेहद जरूरत थी।

शिविर से ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मिलीं, जिससे कमर दर्द, शरीर दर्द, खुजली और कमजोरी जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को तत्काल राहत दी गई। गर्भवती महिलाओं को हृष्ट जांच और परामर्श उपलब्ध कराकर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया गया।ग्रामवासियों ने इस स्वास्थ्य शिविर को अत्यंत लाभकारी बताया और प्रशासन एवं चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की, जिससे गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़े और लोग स्वस्थ रह सकें।

एक नजर

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित



**बीजापुर 9 मार्च ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के नेतृत्व में विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत तालनार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की गई और महिलाओं और पुरुषों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, और गर्भावस्था के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं के शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा की गई और किशोरियों को शाला से जोड़ने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य पर सहायता और घरेलू हिंसा के रोकने के लिए हेल्प लाइन नंबर की जानकारी भी दी गई। यह कार्यक्रम समुदाय में उपस्थित लोगों के लिए बहुत प्रभावी रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जैसे कि रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, और मटका फौड़। ग्राम पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच, और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सुपरवॉईजर सहित गांव के मुखिया, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी,बीजादूतीर ब्लॉक समन्वयक भारत कारम एवं स्वयमसेवकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## कलेक्टर ने जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यो का किया निरीक्षण



**बीजापुर 9 मार्च ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने नियद नेल्लानार योजना के तहत उसूर ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यो एवं बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेने गुरूवार को नवीन स्थापित सुरक्षा कैम्प गुंजेपरती, पुजारी कांकेर एवं भीमाराम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गुंजेपरती आंगनबाड़ी तथा कस्तूरपाड़ का निरीक्षण करते हुए पुसगुफा होते हुए चेरला, पामेड़, धर्मारम, जीड़पल्ली, काऊरगट्टा, कोण्डापल्ली, चुटवाही एवं गुण्डम पहुंचकर संचालित विकास कार्यो का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम उसूर श्री भूपेद्र गावरे, सीईओ जनपद पंचायत श्री प्रभाकर चन्द्राकर भी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाएं की गई सम्मानित



**रायगढ़, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के नेतृत्व में आज स्वास्थ्य कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, नोडल अधिकारी डॉ.केनन डेनियल, डॉ.सुमित कुमार शैलेन्द्र मंडल, नोडल अधिकारी डॉ.मीना पटेल, डॉ जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा एवं कार्यालय में कार्यरत सभी स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर, जूटमिल रायगढ़ में आज एक बालिका का जन्म हुआ। जिसका उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खुशी के इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बालिका का नामकरण शगुन किया गया एवं परिवार को विशेष उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.जी.एस.पैंकरा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी श्री पी.डी.बस्तिया, जिला प्रबंधक रायगढ़ शहरी एवं अस्पताल परिवार क्षेत्र की मितानिन दीदी उपस्थित रही।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की महिलाएं सम्मानित




**रायगढ़, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परिणय वाटिका रायगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती पूनम सोलंकी, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, श्रीमती शीला तिवारी, श्रीमती शोभा शर्मा, डीपीओ श्री एल.आर.कच्छप सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पार्षद श्रीमती पूनम सोलंकी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन का उद्देश्य हमारी आत्मचिंतन होनी चाहिए, कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर कल दें। स्त्री-पुरुष दोनों की समानता एवं स्वतंत्रता की मापदंड अलग-अलग न हो। सालों पहले समाज दशा-दिशा तय करती थी, यह परंपरा जारी न रहे इसका बीड़ा हमें उठाना होगा। समानता एवं स्वतंत्रता का अधिकार तब तक नहीं मिलती जब तक आप आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होंगे। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के लिए आगे आना होगा।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि 1977 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रारंभ किया गया था। हमें एक दिन के लिए महिला दिवस मनाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए है, क्योंकि हर कोई अपनी मां से जन्म लेता है और उसकी परवरिश भी कोई ना कोई महिला ही करती है। उसकी शादी भी किसी महिला से होती है और अगर वह भाग्यशाली रहा तो वह एक बेटी का पिता भी बनता है। इस प्रकार एक व्यक्ति के जीवन में महिला किसी न किसी रूप में अनिवार्य रूप से होती है। आज जो भी आपके लिए प्रेरणास्त्रोत है, वो भी हमारे और आपके बीच के है, आप भी अपनी जकडन् को पीछे छोड़कर, आगे बढ़ सकते है। क्योंकि आप ही के सहयोग से हमारा देश आगे बढ़ पाएगा। जो समाज महिलाओं को आर्थिक व्यवस्था में जुडने् नहीं देता वो समाज हमेशा आर्थिक रूप से पिछड़ा रहता है। आजादी के दौरान पिछड़ा हुआ देश आज आर्थिक रूप से विश्व में चौथे नंबर पर है। जिसमें कई कारण हो सकते है पर उनमें से एक कारण महिलाओं का वर्क फोर्स के रूप में बड़ी संख्या में आर्थिक व्यवस्था में शामिल होना भी है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लिए तीन चीज महत्वपूर्ण है, आपकी वित्तीय आत्मनिर्भरता, आपकी बौद्धिक आत्मनिर्भरता जिसके लिए आपको पढ़ाई करना होगा एवं तीसरा गलत बर्ताव सहन नहीं करना है।

### उत्कृष्ट करने वाली महिलाएं सम्मानित

कार्यक्रम में विभिन्न कार्य क्षेत्रों में कार्यरत एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, डीएसपी श्रीमती साधना सिंह, डीएसपी श्रीमती उन्नति ठाकुर, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत, तहसीलदार पुसौर श्रीमती नेहा उपाध्याय, श्रीमती चैताली राय, श्रीमती दीपा सिंह बघेल, श्रीमती जयंती बेहरा, श्रीमती सोनाली आसुटकर, श्रीमती प्रतिमा यादव, कुमारी मीना जायसवाल, श्रीमती मुनिया बानो, श्रीमती ज्योत्सनामयी सिंह देव, सुखमती भारद्वाज, प्रेमलता बेहरा, उमा नायक, श्रीमती हेम पुष्पा यादव, कुमारी निहारिका पटनायक, श्रीमती सीमा मिंज, श्रीमती एनएन पैंकरा, श्रीमती कुमुदिनी चौहान, श्रीमती प्रभा तिवारी, सुश्री जयश्री शेटे, श्रीमती कमला शांता एक्का, श्रीमती बसंत मंजरी किस्पोट्टा, श्रीमती शांति गुप्ता, श्रीमती नेहा अग्रवाल, सरोज टोप्पो, रीना निराला, विमला चौहान, श्रीमती पूर्णिमा राजपूत, श्रीमती लक्ष्मी प्रधान, श्रीमती सरिता पटेल, श्रीमती तारामणी टोप्पो, श्रीमती रीता डनसेना, श्रीमती संध्या राठिया, सुश्री प्रेमशीला मिश्रा, श्रीमती सलोनी तिग्गा, श्रीमती रामकुमारी चौहान सहित अन्य महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

### खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बालिकाएं सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एशियन बेंच प्रेस एण्ड डेट लिफ्ट चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली मेघा भगत को सम्मानित किया गया। इसी तरह नरेश सूर्या क्लासिक नेशनल चैम्पियनशिप महाराष्ट्र पूणे में टाईटल विनर आभा कुजूर, वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल टुर्नामेंट नई दिल्ली में स्वर्ण पदक विजेता ममता पटेल, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कॉस्य पदक विजेता मानसी पटेल एवं एनसीसी रायगढ़ की ईशा यादव को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने कक्षा 10 वीं की बबिता पटेल, करूणा कैवर्त एवं खुशी पटेल को सम्मानित किया गया।

## महिला कांग्रेस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला महिला कांग्रेस बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया। महिला दिवस के अवसर पर विविध खेल प्रतियोगिताएँ एवं नृत्य कलायें आयोजित की। और खेल में भाग लेने वाले विजेता/उपविजेताओ को ज़िला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ने पुरुषकार वितरण किया। साथ ही कार्यक्रम में आए हुए ज़िले के वरिष्ठ महिला सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्रीमती सिन्धुमती स्वामी एवं सेवानिवृत्त प्रधानायपाक श्रीमती रेखा दास, इन्द्रा देवी ध्रुव को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ने शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नीना ने कहा कि आज महिलाएं चांद पर पहुंच रही हैं महिलाएं देश की राजनीति में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देश के सर्वोच्च पदो पर आसीन होंते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सासंद, विधायक और अनेक पदो पर आसीन होते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। देश को आजादी दिलाने में हमारे देश की महिलाये कांग्रेस पार्टी से कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी जिसका परिणाम है कि आज महिलाओं को भी पुरुषों के समान समानता का दर्जा मिला है जिसका सबसे बढ़ा उदाहरण कांग्रेस की बनाई हुई पंचायती राज क़ानून है जिसमे महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।

इस दौरान महिला काँग्रेस की प्रदेश सचिव शेख रजिया महिला मीडिया प्रभारी श्रीमती संजना चौहान, पार्षद श्रीमती बबीता झाड़ी पूर्व पार्षद कविता यादव, ललिता झाड़ी, जानकी साहनी ममता पांडे, सकीना बानो, गीता कश्यप, इंद्रदेवी कुंजाम, श्रीमती जमुना कोरसा, अलीसा, ज्योति स्वामी, सरिता साहू, कमला यादव, चांदनी मरावी, सुमन केसरवानी, माला यादव, मीना यादव, बी सत्यभामा, सीजल नाग, लवी जुवैरा, सुनीता हेमला, आशा ठाकुर, सरोज आदि उपस्थित थे ।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम ने खाद्य प्रतिष्ठान एवं दुकानों की सघन जांच की



**रायगढ़, 9 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं एसडीएम घरघोड़ा के मार्गदर्शन में गत दिवस 07 मार्च को घरघोड़ा नगर स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम द्वारा सघन जॉच/निरीक्षण करते हुये नमूना संकलन की कार्यवाही किया गया। इस दौरान फर्म डनसेना किराना, सुमंगल कैफे, जमुना होटल, प्रयाग किराना स्टोर, शंकर किराना स्टोर, जबीन बिरयानी, गोकुलचंद किराना, रितु किराना, संतोष किराना, रब्बानी जनरल एवं साहू किराना स्टोर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डनसेना किराना, सुमंगल कॉप्लैक्स से युनियन केसर गोल्ड आटा का नमूना जॉच हेतु लिया गया तथा उक्त फर्म से प्राप्त 05 नग एक्पायरी तिथि के गुग्ली बिस्कुट पाया गया। फर्म प्रयाग किराना से बालाजी नमकीन, लेस, टेस्टी नट्स, 7 स्टार मटर, बेसन में एक्सपायरी तिथि पाया गया। फर्म शंकर किराना स्टोर से सर्वेश्वरी मसाला, अचार एक्सपायरी तिथि पाया गया। फर्म साहू किराना से पतंजली दलिया 05 नग एक्सपायरी तिथि पाया गया। समस्त एक्पायरी तिथि के पदार्थो को नियमानुसार नष्टीकरण की कार्यवाही करते हुये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 का कड़ाई से पालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए 08 मार्च को रायगढ़ शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों/ठेले गुमटियों से जॉच/विश्लेषण हेतु नमूने संकलित कर चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से त्वरित जॉच की कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही 08 फर्म-कबीर चौक स्थित साईं समोसा, मीनू समोसा, गर्ग किराना, बबलू नास्ता, बोईर दादर रोड स्थित अन्ना फास्ट फूड, लक्ष्मण नमकीन शहीद चौक स्थित हरियाणा जलेबी एवं गुप्ता होटल से कुल 43 विभिन्न प्रकार के नमूनें जैसे-समोसा, बडा, कचौडी, कटलेट, चटनी, साबूत दाल, मैदा, शक्कर, आईसक्रीम, जलेबी, चाशनी आदि खाद्य पदार्थो को जॉच/विश्लेषण हेतु लिया गया। जिसमें कुल 37 नमूने मानक पाये गये तथा 06 नमूने अवमानक पाये गये। अवमानक नमूनें फर्म मीनू समोसा से बड़ा एवं चना चटनी, गर्ग किराना से मैदा और उड़द दाल, बबलू समोसा से मीठी चटनी और मिर्च चटनी अवमानक प्राप्त होने पर संबंधित फर्म/प्रतिष्ठान को नोटिस जारी कर अवमानक खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया गया। इसके अतिरिक्त फर्म अन्ना फास्टफूड में कोल्ड्रींक स्प्राईट 15 नग, फैंटा 10 नग, कोका कोला 12 नग एक्सपायरी पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट कराया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा त्योहारी पर्व को दृष्टिगत रखते हुये लगातार सघन जॉच/ निरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## महिला-पुरुष एक सिक्के के दो पहलू: डॉ. एकता लंगेह

**महासमुंद 9 मार्च ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महासमुंद जिले के गायत्री मंदिर में बिहान स्व-सहायता समूह द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली डॉ. एकता लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देना था। डॉ. एकता लंगेह ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की शक्ति और समाज में उनकी बराबरी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आज महिलाएँ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। वे ऑटो-रिक्शा से लेकर ट्रेन, ड्रोन और हवाई जहाज तक चला रही हैं। घरेलू जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ वे शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, परिवार, राजनीति और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।उन्होंने समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पुरुषों की भागीदारी को भी आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि हर पुरुष को अपनी पत्नी, बेटी, माँ और अन्य सभी महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।

## मलेरिया की रोकथाम में जुटी हैं 15 टीमें



**बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लगातार आदिवासी बच्चों में बढ़ते मलेरिया के रोकथाम में प्रशासन एक्टीव मोड पर ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह गढ्ढों में जमा पानी में मलेरिया के पैरासाईट की जाँच कर क्षेत्र को मलेरिया से मुक्ति दिलाने के अभियान में अधिकारी गण ।इसी तारतम्य में बीजापुर जिले के कलेक्टर संबीत मिश्रा के निर्देशानुसार (बीएमओ) रमेश तिग्गा द्वारा लगातार ग्रामिण अंचल में15 स्वास्थ कर्मियों की टीम बनाकर मलेरिया पैरासाइट की चैन को तोड़कर लोगों को मलेरिया से निजात दिलाने का किया जा रहा प्रयास ।डा रमेश तिग्गा ने बताया हमारी15 लोगों की टीम कलेक्टर के निर्देशानुसार लगातार जाँच कर रही है कि आखिरकार मलेरिया के पैरासाइट लोगो के ब्लड में क्यों नजर आ रहे हैं। जिसकी जाँच में यह पता चला कि जो अपना भैरमगढ़ ब्लाक का मिरतुर क्षेत्र है। वहाँ से मलेरिया के मरिज ज्यादा देखे जा रहे है।जिसकी जानकारी लेने पर पता चला कि जगह जगह हेडपंपों के पास शोख्ता नहीं बनाने की वजह से दुषित पानी का जमावड़ा हो रहा है। कई स्थान पर नाली निर्माण नहीं होने की वजह से गंदा पानी एक स्थान पर एकत्र हो रहा है।यही कारण है। की मलेरिया अपना पैर दिन प्रतिदिन पसार रहा है ।उन्होंने बताया इस पर यदी जल्द से जल्द कार्य नहीं किया गया तो यह मलेरिया महामारी का रूप भी ले सकता है।उन्होंने बताया हमने मिरतुर के साथ साथ आस पास के इलाके को रेड जोन घोषित कर रखा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक भवन मैदान परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 9 मार्च।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा मातृशक्तियों के सम्मान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम बीजापुर शहर के हृदय स्थल सांस्कृतिक भवन मैदान परिसर पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर एथलेटिक्स, 100, 400 मीटर लंबी दौड़, तवा फेक, व्हालीबाल, बैडमिंटन सहित रंगोली, मेहंदी इत्यादि विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं विभिन्न विभागों में कार्यरत मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकसित समाज में महिलाओं के योगदान को विस्तृत रूप से बताया अतिथियों द्वारा इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता एवं महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री भुवन चौहान एवं नवनिर्वाचित पार्षदगण, प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री कांता मशराम तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## नि :शुल्क नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र नशे से मुक्ति के लिए बड़ा अवसर

**बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़- समाज में बढ़ती नशे की लत को खत्म करने और लोगों को एक नई जिंदगी देने के लिए नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र बीजापुर पूरी तरह से निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहा है। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त इस केंद्र का संचालन गुंडाधूर सेवा शिक्षा संस्थान, बीजापुर कर रहा है।

यहां मिलेंगी ये सभी सुविधाएं, वह भी बिल्कुल मुफ्त 1. निःशुल्क दवाइयां और थेरेपी- विशेषज्ञों की देखरेख में दवा और काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध।2. नाश्ता एवं भोजन- मरीजों को पौष्टिक भोजन पूरी तरह मुफ्त दिया जाता है। 3. योग एवं ध्यान - नशे की लत को दूर करने के लिए विशेष योग और ध्यान सत्र आयोजित किए जाते हैं।4. मनोरंजन की सुविधा - मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए टीवी, कैरम और बुक रीडिंग की सुविधा दी जाती है।नशा छोड़ो, जीवन संवारोः- अभियान को मिल रहा समर्थन इस केंद्र का उद्देश्य सिर्फ लोगों को नशे से दूर करना नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाना भी है। केंद्र में भर्ती होने वाले लोगों को नियमित रूप से मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग भी दी जाती है, जिससे वे दोबारा नशे की लत में न फंसें।संपर्क करें और नशे से आज़ादी पाएंजो भी व्यक्ति या उनका परिवार नशे से मुक्ति पाना चाहता है, वे इस पुनर्वास केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## संभावित लखपति दीदीयों को पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए उद्यानिकी महाविद्यालय जगदलपुर भेजा गया



**बीजापुर,9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा लखपति दीदी पहल अंतर्गत 40 संभावित लखपति दीदीयों एवं कृषि सखियों को उन्नत तकनीक से बागवानी फसल की खेती हेतु 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु क्रांतिकारी डेबरीपुर उद्यानिकी महाविद्यालय जगदलपुर भेजा गया।

# रायगढ़ के विकास के लिए हम सब मिलकर करेंगे कार्य:ओपी चौधरी






**रायगढ़, 9 मार्च।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मौके पर नवनिर्वाचित महापौर श्री जीवर्धन चौहान सहित रायगढ़ शहर के सभी 48 वार्डो के पार्षदों ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि नव निर्वाचित महापौर एवं सभी पार्षदों के साथ मिलकर रायगढ़ के विकास के लिए हम सतत रूप से कार्य करेंगे, ताकि क्षेत्र की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ हो सके। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की खुबसूरती है कि यहां की जनता अपनी मर्जी से जनप्रतिनिधि चुन सकती है। लोकतंत्र एक प्रकार की शासन व्यवस्था है, जिसमे सभी व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त होता हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि एक सामान्य व्यक्ति को भी वोट देने, निर्वाचन लडने् एवं जनप्रतिनिधि बनने का अवसर प्रदान करती है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि कहा कि शासन सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, जिसमें धान का समर्थन मूल्य, महतारी वंदन जैसे विभिन्न योजनाओं के संचालन के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा जैसे मूलभूत विकास के साथ ही नई पीढ़ी को भी ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक संभाग मुख्यालय में ही प्रयास विद्यालय का संचालन किया जाता था, लेकिन रायगढ़ पहला जिला है जहां प्रयास विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां नि्शुल्क पढ़ाई के साथ ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है। जहां इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ जैसे विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है। अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रयास विद्यालय में प्रवेश दिलाएं ताकि हमारा प्रयास सफल हो और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। इसी तरह रायगढ़ शहर के मध्य इतवारी बाजार में ऑक्सीजोन का भी काम तेजी से चल रहा है। पटेलपाली को आदर्श सब्जी मण्डी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निम्न आय वर्गो को पक्के मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ शहर के चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।नवनिर्वाचित महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि रायगढ़ में सफाई, बिजली पानी पर विशेष फोकस कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मंशानुरूप एवं आपके सहयोग से रायगढ़ शहर चहुंमुखी विकास का सोपान तय करेगा। राज्य सभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित महापौर श्री जीवर्धन चौहान एवं सभी 48 वार्डो के पार्षदों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विजय हमारे महापौर पार्षदों का नहीं है बल्कि जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है।शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में श्री अरूणधर दीवान, श्री विजय अग्रवाल, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री सत्यानंद राठिया, श्री उमेश अग्रवाल, श्री सुनील लेन्ध्रा, श्री कमल गर्ग, श्री गिरधर गुप्ता, श्री मुकेश जैन, श्री विवेक रंजन, श्री सतीश बेहरा, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विकास केडिया, श्री रत्थू गुप्ता, श्री चंद्रप्रकाश पाण्डेय, श्री बिलिस गुप्ता, श्री प्रवीण द्विवेदी, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश कुमार क्षत्रिय, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव सहित अन्य जनर्प्रतिनिधि सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तेजी से हो रहा नालंदा परिसर का काम

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि कहा कि रायगढ़ के मरीन ड्राइव में सर्वसुविधायुक्त नालंदा परिसर का निर्माण तेजी से चल रहा है। जो यह एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी होगी। जहां वो सारी सुविधाएं होगी जो अमूमन बड़े शहरों और विश्वविद्यालयों की लाइब्रेरी में देखने को मिलती है। यहां अध्ययन-अध्यापन का एक ऐसा इको सिस्टम छात्रों को मिलेगा, जिससे वे प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे।

### बजट में मिली रायगढ़ को कई बड़ी सौगातें

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विधानसभा के बजट में रायगढ़ जिले को काफी सौगातें मिली है। जिसमें नैचुरोपैथी हब, साईंस पार्क, शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के साथ विभिन्न अधोसरंचना कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। जिसका लाभ रायगढ़ जिलेवासियों को मिलेगा।

# महिलाओं की समृद्धि से ही होगी प्रदेश की उन्नति : टंकराम वर्मा

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल राजस्व मंत्री, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मार्च।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में पदस्थ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया तथा खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत उपस्थितों को शपथ दिलाई।



राजस्व मंत्री वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का दिन महिलाओं के बलिदान, त्याग, समर्पण को याद करने का दिन है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिला शिक्षित हो, समृद्ध हो तभी छतीसगढ़ में समृद्धि आएगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत हर माह महिलाओं के खाते एक हजार रुपये अंतरित हो रही है। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना जैसे अन्य योजना संचालित हो रहे हैं। अब फिर से रेडी टू ईट का निर्माण महिला समूहो द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए घर- घर शौचालय निर्माण का बीड़ा उठाया है। महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। आज भी ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की महिलाएं शिक्षा में पीछे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होकर परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जनपद उपाध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानीं एस डीएम अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी के जाटवर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थीं।

## एक नजर

### नेशनल लोक अदालत में 65 लाख का अवार्ड पारित




**बालोद, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न द्वारा 65 लाख रूपये की राशि का आवार्ड पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि आवेदिका कुसुम साहू के पति संजय कुमार की मोटर सायकल को ठोकर मारकर दुर्घटना कारित करने से उसकी मृत्यु हो गई थी। जिसके पश्चात् आवेदिका के द्वारा न्यायालय के समक्ष क्षतिपूर्ति राशि 99, 50, 000 रूपये प्राप्त करने हेतु अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदन प्रस्तुत किया गया था। 08 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उभय पक्षकारों के मध्य स्वेच्छापूर्वक आपसी सहमति से हुये राजीनामा में बीमा कंपनी ने क्षतिपूर्ति 65, 00, 000 लाख रूपये देने सहमति हुई, उभय पक्ष की सहमति के आधार पर प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय के द्वारा राशि 65, 00, 000 रूपये का आवार्ड पारित किया गया। आवेदिका एवं अनावेदकगण के द्वारा उक्त प्रकरण में राजीनामा कर नेशनल लोक अदालत के उद्देश्य को पूर्ण किया एवं मानवता का परिचय दिया।

### महिला दिवस पर महिला न्यायाधीश, कर्मचारी और अधिवक्ता सम्मानित



**बालोद, 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आज आयोजित जिला न्यायालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यायाधीशों द्वारा जिला न्यायालय में पदस्थ महिला न्यायाधीशों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्टेट प्लॉन ऑफएक्शन के अनुसार आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, किरण कुमार जांगड़े, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) पॉक्सो कोर्ट बालोद, श्वेता उपाध्याय गौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश बालोद, संजय कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद, न्यायाधीश कु. माधुरी मरकाम, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं सदस्यगण, समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के कर्मचारीगण तथा समस्त पैरालिगल वालिटियर्स उपस्थित थे।

### बालोद के पुराना टाउन हॉल परिसर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

# आम जनता की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी शहर की नई सरकार : अरुण साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 9 मार्च।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा शहर की नई सरकार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी। साव जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं विरेन्द्र साहू, दयाराम साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा, लीला शर्मा, पवन साहू, सौरभ लुनिया, अमित चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर बीएसपी स्कूल क्रमांक 06 में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं नवनिर्वाचित पार्षदों को अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी अजय किशोर लकरा द्वारा शपथ दिलाई गई। इसी तरह जिला मुख्यालय बालोद के पुराना टाउन हॉल परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका परिषद बालोद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी एवं नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम बालोद एवं पीठासीन अधिकारी सुरेश साहू द्वारा शपथ दिलाई गई।



इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री साव ने नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शहर के चहुँमुखी विकास के लिए पूरे निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बालोद एवं दल्लीराजहरा शहर केवल शहर ही नही है वरन् यहाँ के सभी निवासी हमारा परिवार है। साव ने आशा व्यक्त किया कि इसी मंशा के अनुरूप हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पार्षदगण शहरों के सर्वांगीण विकास तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण हेतु पूरे लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनता जनार्दन की सेवा करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के अनुरूप जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। साव ने कहा कि गंगा मईया के आशीर्वाद से हमारे नगरीय निकाय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण आम जनता के आशा के अनुरूप एक आदर्श शहर के निर्माण हेतु पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही उम्मीद एवं भरोसे के साथ शहर के नागरिकों ने नई सरकार का निर्वाचन किया है, उस पर हमारे जनप्रतिनिधि खरा उतरेंगे।

# नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मार्च।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने शनिवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की उपस्थिति में शपथ ली। जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम अमित गुप्ता नें नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई



राजस्व मंत्री वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अध्यक्ष व पार्षदों ने आज शपथ लिया है और सभी सेवा और समर्पण भाव से काम करेंगे। सभी मिलकर बलौदाबाजार नगर को सजाने और संवारने का प्रयास करेंगे।सभी पार्षद संकल्प लें कि अपने वार्ड के गली मोहल्लो की साफ -सफाई व विकास को गति देंगे। हमारी सरकार नगर के विकास में कहीं कोई कमी नहीं होने देगी।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि शपथ लेना एक महत्वपूर्ण संकल्प है। शपथ के शब्दों का ध्यान रखेंगे तो काम में कहीं चूक नहीं होगी। अध्यक्ष और पार्षद के सामूहिक प्रयास से नगर विकास को एक नई दिशा मिलेगी।समारोह को पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, नन्द कुमार साहु, कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, आनंद यादव, नीलम सोनी, पद्म मदन सिंह चौहान सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आकांक्षा जायसवाल जिपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पवन साहू निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मार्च।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष के लिए पवन साहु ने नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए केवल एक -एक उम्मीदवार के द्वारा नामांकन दाखिल करने एवं दाखिल नामांकन पत्र विधिमान्य पाए जाने पर



अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पद हेतु पवन साहु को पीठासीन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### तिल्दा-नेवरा जनपद पंचायत में मनहरे अध्यक्ष व वर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 9 मार्च।** तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे उपाध्यक्ष दुलारी संतोष वर्मा निर्वाचित हुए जनपद पंचायत तिल्दा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी टिकेश्वर मन्हरे को वी13मत प्राप्त हुए उन्होंने एक मत से शिव शंकर वर्मा को पराजित किया इसी तरह जनपद उपाध्यक्ष पद में दुलारी वर्मा को भी 13 वोट मिले उन्होंने एक एक मत से शिव शंकर वर्मा को ही पराजित किया इस तरह तिल्दा जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया गया इस जीत की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भरी जोश के साथ उत्साह पूर्ण जुलूस निकाला गया भाजपा के नेता अनिल अग्रवाल वेदरामन हरे राजू शर्मा दिनेश अग्रवाल सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता सक्रिय दिखे और सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई है।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने किया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित
### तनाव प्रबंधन, महिलाओं के स्वास्थ्य, परिवार व नौकरी में संतुलन, वैधानिक अधिकारों के संबंध में की गई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित महिला आरक्षकों को आधुनिक समय के साथ अपग्रेड रहकर तथा अपने परिवार का भरपूर ध्यान रखते हुए पूरी तन्मयता के साथ कार्य करने हेतु किया गया प्रेरित

8 मार्च को पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर निशा झा सेवानिवृत प्राचार्या, दीपा सोनी लीगल काउंसलर, डॉक्टर चांदनी चंद्राकर महिला चिकित्सक, प्रीति कौशिक काउंसलर जिला चिकित्सालय आदि की उपस्थिति में तनाव प्रबंधन, महिलाओं के स्वास्थ्य, नौकरी एवं परिवार के मध्य बेहतर सामंजस्य एवं कानूनी अधिकार संबंधी विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में महिला अधिकारों, वर्तमान परिवेश, समाज में महिलाओं की विशिष्ट भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभ्य समाज की स्थापना एवं खुशहाल परिवार में एक महिला को परिवार की नींव की भांति अनिवार्य बताया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिला आरक्षकों को आधुनिक समय के साथ स्वयं को अपग्रेड करते हुए, पुरी तन्मरता के साथ, मन लगाकर काम करने एवं अपने परिवार का भरपूर ख्याल रखने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाइयां दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बेहतर कार्य प्रबंधन एवं उत्कृष्ट विवेचना कार्य संपादित करने वाले महिला आरक्षकों को सम्मानित किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा-नेवरा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 9 मार्च।** खंड चिकित्सा अधिकारीडाक्टर उमा पैकरा के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें डॉ ज्योति वाधवा स्त्रीरोग विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हो समस्त स्वस्थ कर्मचारियों को स्वास्थ परीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी साथ ही अलग अलग खेल का आयोजन करवाया गया एवं पुरुस्कार के साथ प्रमाण पत्र का वितरण बीएमओ डाक्टर उमा पैकरा एवं डाक्टर ज्योति वाधवा के द्वारा किया गया।

डाक्टर ज्योति वाधवा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। चिकित्सा सेवा में महिलाएं निस्वार्थ सेवा का उदाहरण पेश करती हैं। वे अपने समर्पण से समाज को नई दिशा देती हैं। महिलाओं से आत्मविश्वास बनाए रखने और चुनौतियों को अवसर में बदलने का आह्वान किया। डाक्टर उमा पैकरा ने कहा की महिला दिवस मनाने मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज की प्रगति, शांति और विकास की सक्षमता बढ़ाना है। उन्होंने ने कहा कि किसी राष्ट्र की सही प्रगति महिला सशक्तिकरण से होती है। इसलिए हम महिलाओं को समान अवसर और अधिकार देने में विश्वास करते हैं। हमारी पहल यह लक्ष्य पाने की दिशा में एक छोटा कदम है और हमें विश्वास है कि अन्य संस्थान भी बराबरी के सिद्धांत का पालन करेंगे और महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस तरह के कदम उठाएंगे। हर तरह की जिम्मेदारी उठाने वाली महिलाओं पर हमें गर्व है और यह दृढ़ विश्वास है कि वे उत्कृष्ट कार्य करेंगी।

### तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला उमंग और सद्भाव के साथ हुआ सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ मेले में प्रशासन की व्यवस्था से श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल

**बलौदाबाजार, 9 मार्च।** महान संत बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली एवं कर्मभूमि गिरौदपुरी में 4 से 6 मार्च 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय भव्य मेला एवं संत समागम गुरुवार को उमंग और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा गुरु घसीदास का आशीर्वाद लिये एवं गुरू गद्दी का दर्शन किये। मेले में इस बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सुविधाओं में विस्तार किया गया जिसका श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा भी की है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न होने में सहयोग के लिए मेला समिति, श्रद्धालुओं, मेला से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस बार मेले में जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए परिसर में 36 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

# समारोह में रंगोली, नृत्य व गीत प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 9 मार्च।** 8 मार्च को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर मां गायत्री मंदिर परिसर नगर पलारी में महिला मंडली के द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंजू वर्मा, नंदनी चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता भीम वर्मा द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया।




तत्पश्चात मंच में विराजे अतिथियों का स्वागत वंदन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष सरिता भीम यादव, नगर पंचायत के पार्षद खेलन बाई वर्मा, राधा भोला वर्मा, नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे, पुणे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रिंकी वर्मा, लंदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहिणी वर्मा, नीट में चयनित छात्रा कु. नीलिमा वर्मा, एडवोकेट पायल साहू, शिक्षिका आराधना वर्मा, कविता सरशिहा, प्रेमिन ध्रुव, यामिनी वर्मा, हेमलता रजक, महिला आरक्षक आशा टंडन, शालिनी निर्मलकर, योगा शिक्षिका मीना साहू, का सम्मान मोमेंटो भेट कर किया गया।

मितानिन दीदियों, आंगड़बाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी भेट कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगी खेलों का आयोजन हुआ जिसमें रंगोली में प्रथम स्थान संगीता देवांगन, नींबू चम्मच दौड़ में सजनी घृतलहरे, कुर्सी दौड़ में माधुरी निर्मलकर। स्कूल के छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति काजल एवं साथियों द्वारा किया गया।

गीत की प्रस्तुति टिकेश्वरी वर्मा एवं खुशी वर्मा द्वारा किया गया सभी प्रतिभागीयों को मोमेंटो भेट कर प्रोत्साहित किया गया।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/ 982 Korba West, dtd. 07.03.2025

**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1331/2025.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100042024 | "Supply, Installation, Testing & Commissioning (SITC) of Firefighting system as per National Building Code (Part-4) for 30 beds, CSPGCL Hospital, HTPS Korba West" | 590/- | 14,936/- | 27.03.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

संवाद-43163/1

